



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 282 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 12 जुलाई 2024 डाक 13 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन और बेटी श्वेता बच्चन के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचीं



**देश-विदेश**
खतरे में आईएएस पूजा की उम्मीदवारी! प्रमाण पत्रों की जांच के लिए पैनल का गठन, केंद्र ने मांगी रिपोर्ट



**फीचर पेज**
टमाटर के आगे फेल हो जाएंगे सारे महंगे फेस प्रोडक्ट, ऐसे करें इस्तेमाल



### नेपाल में मौसम का कहर

## भूस्खलन से दो बसें त्रिशूली नदी में बहीं 7 भारतीयों की मौत, 63 यात्री सवार थे

### काठमांडू से कई उड़ानें भी रद्द



**काठमांडू, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

नेपाल में एक बड़ा हादसा हुआ है। पड़ोसी देश में लैंडस्लाइड के बाद दो बसें एक नदी में बह गई हैं। इस हादसे में सात भारतीयों की मौत हो गई है। जबकि, बस में सवार सभी (करीब 60) यात्री लापता हैं। हादसे की भयावहता को देखते हुए मरने वालों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। जानकारी के मुताबिक बीरगंज से काठमांडू जाने वाली एक बस त्रिशूली नदी में गिर गई, जिसमें सात भारतीय की मौत हो गई।

सड़क विभाग ने नारायणघाट काठमांडू सड़क खंड को पंद्रह दिनों के लिए बंद कर दिया था। लेकिन इसके बाद भी यातायात सेवा बहाल है। दरअसल, नेपाल में ज्यादा बारिश होने के कारण अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड हो रही है, जिससे कई सड़कें बंद कर द दी गई हैं। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने बताया कि काठमांडू जा रही एंजेस बस में 24 यात्री सवार थे, जबकि काठमांडू से गौर जा रही गणपति डीलक्स बस में करीब 41 लोग थे। हादसा सुबह 3.30 बजे के करीब का बताया जा रह है। गणपति डीलक्स बस में सवार 3 यात्री कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

पुलिस अधीक्षक भवेश रिमल ने काठमांडू पोस्ट को बताया कि नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवान बचाव कार्यों के लिए घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसियों को खोज और बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

दहल ने एक्स पर लिखा,नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड के सिमल्टार में भूस्खलन में बसों के बह जाने के बाद लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने और देश के विभिन्न हिस्सों में आपदा से हुए नुकसान की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं गृह प्रशासन सहित सभी सरकारी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और बचाव के लिए निर्देश देता हूं। विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से आए मलबे ने नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड पर यातायात बाधित कर दिया है। रोड डिवीजन भरतपुर के अनुसार सड़क मार्ग पर यातायात बहाल होने में करीब चार घंटे लगेंगे।

## बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना लेकिन... सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ मामले पर सुनवाई से किया इनकार, याचिकाकर्ताओं को दी ये सलाह

**रायपुर, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका पर सुनवाई ने करने का फैसला करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) जाएं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बेशक यह परेशान करने वाली घटनाएं हैं लेकिन इस मामले पर सुनवाई करने के लिए हाई कोर्ट सक्षम है।

याचिकाकर्ताओं ने दो जुलाई की भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की मांग की थी। दो जुलाई को हाथरस में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक, हाथरस जिले के फुलरई गांव में बाबा नारायण हरि ऊर्फ भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। इस सत्संग में 2.5 लाख लोग शामिल हुए थे।

### बीजेपी नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव सड़क हादसे में घायल, रायपुर में भर्ती

*रायपुर/बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री और कोटा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रहे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव की कार को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे उनको चोट आई। रायपुर के बालाजी हॉस्पिटल में उनका इलाज कराया गया। सरगांव के पास कल दोपहर में यह दुर्घटना तब हुई जब वे रायपुर जा रहे थे। सड़क के सामने मवेशी आ जाने के कारण ड्राइवर ने ब्रेक लगाया। तभी पीछे से आ रही ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जूदेव ने बालाजी हॉस्पिटल रायपुर में उपचार कराया। ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।*

## सांसद अमृतपाल सिंह का भाई ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

### जालंधर देहात पुलिस ने पांच ग्राम आईस के साथ पकड़ा

**जालंधर, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



पंजाब के जालंधर में देहात पुलिस ने श्री खडूर साहिब के सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह को आईस (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया है। हरप्रीत सिंह के पास से करीब पांच ग्राम आइस बरामद की है। हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद आला अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। हरप्रीत सिंह को फिल्लौर से पकड़ा गया है।

आईस एक खतरनाक ड्रग होती है। यह हेरोइन के विपरीत काम करता है। हेरोइन नर्वस सिस्टम को उदास व डाउन करता है, जबकि आइस ड्रग उत्तेजित कर देता है। इसका आमतौर पर इस्तेमाल रेव पार्टी, डिस्कोथेक और बड़े-बड़े होटलों में किया जाता है। यह एक उत्तेजक ड्रग है। हार्ट बीट बढ़ती है। चार से पांच घंटे के बाद वे शांत होते हैं। फिर उनमें डिप्रेशन और मायूसी के लक्षण दिखते हैं।

## आरएसएस मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत बॉम्बे हाईकोर्ट ने भिवंडी कोर्ट के आदेश को किया रद्द



**मुंबई, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कार्यकर्ता द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में सबूत के तौर पर कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को अनुमति दी गई थी।न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण ने राहुल की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को तय समय के बाद भी कुछ दस्तावेज पेश करने की अनुमति दी थी।

## चुनाव के लिए मतदान जारी, कांग्रेस के तीन विधायक मीटिंग से गायब, पार्टियों को क्रॉस वोटिंग का डर



**मुंबई, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में विधान परिषद का आज चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले इंडी गठबंधन का इस एमएलसी चुनाव में जोश हाई है। इसी कारण उसने अपने तीन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। शिवसेना के संजय गायकवाड़ ने गुप्त मतदान प्रणाली के माध्यम से सबसे पहले अपना वोट डाला। 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होना है, हालांकि शिवसेना (यूबीटी) ने मांग की है कि मुंबई में भारी बारिश के कारण इसे एक घंटे के लिए बढ़ाया जाए। चुनाव से पहले विभिन्न पार्टियों में क्रॉस वोटिंग का डर सताने लगा था। पार्टियों ने इससे बचने के लिए अपने विधायकों को होटलों में भी ठहरा दिया था। क्रॉस वोटिंग की चर्चाओं के बीच महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा बुलाई गई बैठक में कांग्रेस के 37 विधायकों में से तीन विधायक शामिल नहीं हुए।

गुरुवार रात यहां हुई बैठक में जीशान सिद्दीकी, जितेश अंतापुरकर और संजय जगताप अनुपस्थित रहे। अंतापुरकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के करीबी हैं, जो कुछ महीने पहले भाजपा में शामिल हो गए थे, जबकि जीशान के पिता बाबा सिद्दीकी लोकसभा चुनाव से पहले अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल हो गए थे।

## बस-ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, चार लोगों की मौत

**पाटन, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



गुजरात के पाटन में शुक्रवार सुबह राधनपुर के पास बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

आनंद से रापर जा रही बस की राधनपुर के पास टक्कर हुई है। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे में बस के ड्राइवर, कंडक्टर और ट्रक के ड्राइवर, कंडक्टर की मौत होने की खबर है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं तीन गंभीर घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

ज्ञात हो कि गुजरात के मशहूर पर्यटन स्थल सापुतारा में रविवार को बड़ा हादसा हो गया था। सापुतारा घाट के पास सूरत से आई एक लग्जरी बस गहरी घाटी में गिर गई थी। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई थी। बस करीब 70 यात्री सवार बताए गए थे।

## सुप्रीम कोर्टः ईडी मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत

### गिरफ्तारी को चुनौती वाली अर्जी को अब बड़ी बेंच सुनेगी

**नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। दरअसल, उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी शुक्रवार को सुनवाई हुई। याचिका में दिल्ली में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने इस याचिका को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है। इससे पहले पीठ ने 17 मई को केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट ने मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं है और जांच में उनके शामिल होने से बार-बार इनकार करने के बाद ईडी के पास कोई विकल्प नहीं बचा था। मुख्यमंत्री को ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उन्हें एक निचली अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर मामले में 20 जून को जमानत दी थी। हालांकि, ईडी ने अगले दिन दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। ईडी ने दलील दी थी कि केजरीवाल को जमानत देने का निचली अदालत का आदेश एकतरफा और गलत था।

## विष्णुदेव साय कैबिनेट का विस्तार फिलहाल टला, संसदीय कार्य मंत्री बने केदार कश्यप



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट का विस्तार फिलहाल टल गया है। मंत्री केदार कश्यप को संसदीय कार्य मंत्री का प्रभार सौंपा गया है। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने इस संबंध में गुरुवार की देर रात अधिसूचना जारी की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंटरनेट मीडिया एक्ट पर उन्हें बधाई दी। सीएम ने लिखा कि मंत्रिमंडल के मेरे साथी केदार कश्यप को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता के वर्तमान दायित्वों के साथ संसदीय कार्य विभाग का प्रभार मिलने पर बहुत-बहुत बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। सूत्रों के अनुसार साय की कैबिनेट में अभी दो विधायकों में से एक नया और एक पुराने चेहरे को मंत्री बनाया जा सकता है। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके बाद सीएम साय अपने कैबिनेट का विस्तार कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार साय की कैबिनेट में नए मंत्री के दावेदार विधायकों में राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, भावना बोहरा और गजेंद्र यादव हैं।

## छत्तीसगढ़ की जनता को सस्ते में गैस सिलेंडर की सौगात जल्द



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर लगातार सरकार काम कर रही हैं। इसी कड़ी में प्रदेश की विष्णु सरकार अब लोगों को पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने जा रही है। इसका संकेत भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दे दिया हैं। सीएम साय ने कहा मोदी की गारंटी मतलब पूरी होने की गारंटी। एक तरफ सरकार जनता से किए वादों को पूरा कर रही है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव के ठीक पहले बीजेपी अब गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने जा रही हैं।

इसके अलावा जो मोदी की गारंटी में सरकार ने वादा किया है, उसको पूरा करने की बात कह रही है। उसके लिए बजट में 500 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। मंचों के माध्यम से इस बात का भी जिक्र किया जा रहा है कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## विष्णुदेव साय सरकार के छः माहः छत्तीसगढ़ में उम्मीदों की नई रोशनी फैलाने में सफल

**रायपुर, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



लोकतंत्र में जहां जनता अपने नेतृत्व को वायदे पूरे करने के लिए पांच साल का जनादेश प्रदान करती है। ऐसे में किसी प्रदेश के मुखिया से महज छह माह के समय में इन वायदों को पूरा करने की आशा आमतौर पर बेमानी होती है। लेकिन मन में जज्बा, कुछ करने की लालसा, संवेदनशील प्रयास और समन्वित रणनीति के तहत कार्य किया जाए तो छह माह में भी इतिहास गढ़ा जा सकता है। महज़ छह माह में किसी भी सरकार के कामकाज का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता इसके बावजूद विष्णु देव साय सरकार जिस तेजी के साथ काम को आगे बढ़ा रही है, निश्चित ही यह एक मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए अधिकांश वायदों को पूरा करने के लिए जरा भी वक्त जाया नहीं किया। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। शपथ ग्रहण 13 दिसम्बर 2023 के बाद 15 अप्रैल 2024 यानी 4 माह 02 दिन। 16 मार्च 2024 से 6 जून 2024 यानी 2 माह 21 दिन लोकसभा निर्वाचन की वजह से आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में प्रभावशील रही। ऐसे में विष्णु देव सरकार को मुख्यमंत्री बने छह माह जरूर हो चुके हैं लेकिन निर्णय, योजनाओं का क्रियान्वयन, भावी रणनीति को मूर्तरूप देने के लिए उन्हें 4 माह का ही समय मिला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इन सब के बावजूद अपने सटीक निर्णयों से प्रदेश में एक अलग छाप छोड़ने में सफल हुए हैं। जब हम आधी आबादी की बात करते हैं तब उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलम्बन और सशक्तीकरण के लिए ठोस व दूरगामी रणनीति बनानी पड़ती है। प्रदेश के 70 लाख विवाहित महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण महतारी वन्दन योजना से मिली है। ईब से इंद्रावती तक यानी प्रदेश के चारों तरफ विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए दिए जा रहे हैं और इस तरह चार किश्ते दी जा चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा विवाहित माताओं-बहनों के खाते में राशि देने के पीछे आर्थिक सशक्तीकरण करना, उनके आर्थिक हालात को बेहतर करना प्रमुख उद्देश्य है।

### लद्दाख में दुर्घटना में सेना के दो जवान बलिदान सैन्य उपकरणों की मरम्मत के दौरान हुआ हादसा

*लद्दाख। लद्दाख में गुरुवार को सैन्य उपकरणों की मरम्मत करते समय विस्फोट होने से घायल दो जवानों की मौत की खबर है। सेना के मुताबिक, विस्फोट में सीएफन शंकर राव गोट्टापु और हवलदार शाहनवाज अहमद भट को भी गंभीर चोटें आईं। उन्हें आगे के इलाज के लिए लेह ले जाया गया। हालांकि, मेडिकल टीम के प्रयासों के बावजूद उन्होंने दम तोड़ दिया।*

# नीट परीक्षा धांधली के विरोध में निकाली मसाल रैली

कोरबा। नीट में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी के आदेश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी शशांक मिश्रा के उपस्थिति में एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा व जिलाअध्यक्ष ग्रामीण मनमोहन राठौर के संयुक्त नेतृत्व मे मशाल रैली पाममाल से टीपी नगर चौक तक निकाला गया। वही इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रभारी शशांक मिश्रा ने कहा कीङ्क मशाल रैली निकाल विरोध प्रदर्शन हम पूरे प्रदेश में कर रहे हैं और इस नीट पेपर लीक का विरोध पूरे राष्ट्र में किया जा रहा है नीट के एग्जाम में जो धांधली हुआ है वह निंदनीय है और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। वही एनएसयूआई जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने कहा की जो नीट एग्जाम में जो धांधली हुई है वही लाखों छात्र-छात्राओं की भविष्य के साथ खेल-खेला जा रहा है यह 20 लाख स्टूडेंट का मामला है इसमें कुछ रेड फ्लेग्स है जैसे 67 कैंडीडेट्स का 720 में 720 हासिल करना जो पिछले वर्षों में काफी कम रहता था आश्चर्य जनक है इसलिए है,जो




हृङ्ग (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) इस एग्जाम को जो एग्जाम कंडक्ट करती है इसे बैन किया जाए और नीट का एग्जाम रिकंडक्ट कराया जाए जो लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए बेहतर होगा। वही इस अवसर पर एनएसयूआई ग्रामीण अध्यक्ष मनमोहन ने कहा कीङ्क केंद्र सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर रही है एनएसयूआई द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है मांग पूर्ण न होने पर हमारे द्वार और उग्र आंदोलन किया जाएगा। वही इस अवसर पर प्रमुखरूप से युवा कांग्रेस महामंत्री मधुसूदन दास, सांसद प्रतिनिधि मनदीप शर्मा,एनएसयूआई महासचिव विशाल सिंह,एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष जुनैद मेमन,दिवाकर कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिंह वन विश्वकर्मा,धनंजय राठौर,रमेश महंत,रिंकू आदिले,मंजीत सिंह,अमित सिंह,विवेक श्रीवास,राजेश यादव,अंकित श्रीवास्तव,राजू रवि ,सागर, वसीम अकरम, सफी ,नीरज,साहिल,अनिकेत, चमन पटेल,आशीष बंजारे,प्रमोद काकरे,रमन,अरुण,विजय,छोटू, राजेश और अनेक एनएसयूआई के साथी उपस्थित रहे हैं।

## मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिले में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य प्रारंभ



कोरबा । मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में मत्स्य बीज का उत्पादन कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसी कड़ी में जिले के शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र ऐतमानगर बाँगो में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य 3 जुलाई से प्रारंभ है। अब तक प्रक्षेत्र में 90 लाख मत्स्य जीरा का उत्पादन किया जा चुका है।

## सर्पदंश से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी,सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सर्पदंश के इलाज हेतु एण्टीस्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके। साथ ही ऐसे आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आर.एच.ओ. या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुंचाएं। कोरबा जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण, बरसात का मौसम में वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा भोजन की तलाश में जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने व सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बिल से बाहर आ जाते हैं और लोगों में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में अज्ञानता के कारण बैगा गुनिया से झाड़ फूंक कराते हैं एवं असमय ही उनकी मृत्यु हो जाती है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांप के काटने का एकमात्र इलाज अस्पताल में दिए जाने वाले एंटीवेनम से होता है। झाड़-फूंक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान नहीं बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण सर्पदंश के मामलों में झाड़-फूंक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़ितों को चिकित्सालय लेकर आते है, जिससे ऐसे प्रकरणों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश से बचाव हेतु जनसामान्य में जागरूकता लाने हेतु विभागीय सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा देने व सजग रहने की हिदायत दी गई है। वर्तमान स्थिति में जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्पदंश के प्रकरणों का नि:शुल्क इलाज हेतु पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध है।सर्पदंश से बचाव व इन घटनाओं में कमी लाने की जानकारी देते हुए सीएमएचओ ने बताया कि रात में घर से बाहर जाते समय पर्याप्त रोशनी न होने की स्थिति में टॉर्च रखना व जूते पहनना सुनिश्चित करें। घरों में समुचित प्रकाश की व्यवस्था बनाए रखें, घरों में कचरे का ढेर लगाकर न रखें। शयन कक्ष में भोजन सामग्री, धान आदि न रखें, ताकि चूहे का आना कम हो। सर्पदंश की घटनाओं से न घबराएं अन्यथा हृदय गति बढ़ सकती है। सर्पदंश के शिकार व्यक्ति के लिए यह घातक साबित हो सकता है, जिससे विष शरीर में तेजी से फैल सकता है।

सर्पदंश वाली जगह के उपरी हिस्से को कपड़ा या रस्सी से न बांधे। अधिकांश परिस्थितियों में बेहद हानिकारक हो सकती है। सांप के काटने वाली जगह पर कुछ भी बांधने के पश्चात् उपचार के लिए हटाये जाने पर विष का दुष्प्रभाव बढ़ सकता है। सर्पदंश से ग्रसित अंग के आसपास काटने, जलाने व हिलाने-डुलाने से शरीर के अन्य अंगो में विष का तीव्र संचार का खतरा बढ़ जाता है। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को त्वरित नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला चिकित्सालय पहुंचाएं, साथ ही परीक्षण व चिकित्सक के सलाह अनुसार उपचार कराएं। साथ ही उन्होंने अनाधिकृत चिकित्सक या झाड़-फूंक के उपचार से बचने की अपील की।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

कोरबा । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से सिविल एवं राजस्व न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री.लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्ड पीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं।

### जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता की बैठक

कोरबा । वर्ष 2024-25 में जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके संबंध में जिला स्तरीय बैठक 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा टी. पी. नगर में आहूत की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड क्रीडा प्रभारी, सर्व प्राचार्य शासकीय एवं अशासकीय हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

## कलेक्टर ने पदक प्राप्त खिलाड़ियों को किया सम्मानित



कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में कोरबा जिले के पदक प्राप्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि 10-10 हजार रूपए का बैंक ड्राफ्ट प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा उपस्थित थे।पदक प्राप्त खिलाड़ी समीर कुमार कंवर पिता श्री गुरूवार सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी कोरबा को कराटे 50 किलोग्राम वर्ग, सुरभि लाठिया पिता श्री शांति लाल लाठिया संस्कार भारती हाईस्कूल डिंगापुर को नेटबॉल 14 वर्ष, रूचि विश्वकर्मा पिता श्री कृष्णा विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर को नेटबॉल 17 वर्ष में, पार्थ श्रीवास्तव पिता श्री राजेश श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल रामपुर को तैराकी 200 मीटर तथा 400 मीटर को प्रोत्साहन राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी. पी. उपाध्याय, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी श्री के. आर. टण्डन, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री अनुप राय, श्री अजय दुबे, श्री सुमित सिंह, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री सुरेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

## पार्षदों ने किया आयोध्या जाने वाली तीर्थ यात्रियों को रवाना



कोरबा। नरेंद्र देवांगन समेत अन्य पार्षदों ने तीर्थ यात्रियों की बस को अयोध्या के लिए रवाना किया गया। शासन की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य कार्यालय साकेत भवन से 36 तीर्थ यात्रियों का दल श्री अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, निगम के जनप्रतिनिधियों ने यात्री बस को रवाना किया तथा श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम रवाना होने वाले इन तीर्थ यात्रियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पार्षद पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, मुकेश राठौर, निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, प्रकाश अग्रवाल, अनिल मिश्रा, अनिल यादव, मंजू सिंह, कृति चौहान आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीएसपीडीसीएल कंपनी के नए एमडी कंवर ने संभाला पदभार

कोरबा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नये प्रबंध निदेशक के पद पर भीम सिंह कंवर की नियुक्ति की गई है। श्री कंवर ने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के आठवें प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष पी.दयानंद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री कंवर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (संचा. एवं संधा.) के पद पर पदस्थ थे । अब वे पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के आठवें प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

श्री कंवर को विद्युत सेवा भवन में स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला एवं अन्य कार्यपालक निदेशकों, मुख्य अभियंतागण, अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री कंवर का जन्म 10 जून 1969 को सरगुजा जिले (वर्तमान में बलरामपुर जिले) के शंकरगढ़ विकासखंड के ग्राम भुनेश्वरपुर में हुआ। उन्होंने वर्ष 1991 में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर से इलेक्ट्रॉनिक एवं टेली कम्यूनिकेशन में बी.ई. की उपाधि प्राप्त की। वे वर्ष 1992 में अविभाजित मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ हुए। 2011 में मुख्य अभियंता तथा वर्ष 2014 में कार्यपालक निदेशक के पद पर पदस्थ हुए। क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग एवं बिलासपुर में कार्यपालक निदेशक रहे हैं।



### कब दूर होगी अधीक्षकों की कमी

कोरबा। आकांक्षी जिला कोरबा में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावास अमले की कमी से जूझ रहे हैं। 44 फीसदी आश्रम -छात्रावास उधार के अधीक्षकों के भरोसे चल रहे। जी हां सुनने में भले अचरज लगे लेकिन यह बिल्कुल सच है, कुल संचालित 181 आश्रम छात्रावासों में से 81 आश्रम छात्रावासों में अधीक्षक के पद रिक्त हैं। यहां शिक्षा विभाग के शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर प्रभारी अधीक्षक का कार्य दायित्व निर्वहन कर रहे। शासन स्तर पर व्यापमं से आज पर्यंत अधीक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने की वजह से इस तरह के लचर हालात निर्मित हुए हैं। यहाँ बताना होगा कि आकांक्षी जिला कोरबा में कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित कुल 183 आश्रम छात्रावास हैं। इनमें 122 बालक एवं 61 बालिका आश्रम छात्रावास संचालित है।

## 3800 किमी का सफर 15 दिनों में




कोरबा। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड हरिद्वार पंजाब कारगिल,श्रीनगर, अमरयात्रा जम्मू कश्मीर का किया सफर।कोरबा।चन्द्रपटेल ग्राम -जमनीपाली सोहागपुर ब्रजेश बरेठ - जर्वे सक्ति सौरभ डीकोंडवार प्रिंस इक्का ने बिलासपुर से मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश कानपुर से उत्तराखंड में श्री कैंची धाम फिर हरिद्वार के रास्ते पंजाब चंडीगढ़ से मनाली होते हुए केयलोंग पास जिसकी ऊंचाई 3440द्व फिर वहा से नकीला पास जिसकी ऊंचाई 15547 फिट है वहाँ पर तिरंगा फहराया उसी रास्ते आगे अपने बाइक में ही लेह लद्दाख की अधिक ऊंचाई जिसे चांगला पास कहा जाता हैं वहाँ प्रकृति की सुंदरता का आनंद लिए फिर उनकी मंजिल वही नही रुकी वे पैंगगोंग जो 4500द्व की ऊंचाई में बड़ा से झील है वहाँ से निकलने के बाद विश्व की सबसे दूसरी बड़ी पास जिसे खारदुंगला पास (19500द्धह्ल) नाम से जाना जाता है वहाँ से अपने इंडियन आर्मी के जस्बा को निहारा उसी रास्ते मे सिंधु और जस्कर नदी के संगम से होते हुए जोजिला पास (11649द्धह्ल) पहुचे जहां बहुत ज्यादा ठंडी रास्तो से गुजर कर कारगिल और श्रीनगर होकर अमरनाथ यात्रा पहुचे उनकी मंजिल वही न रुक कर जम्मू कश्मीर की कटरा में माँ वैष्णों देवी के दर्शन कर यात्रा पूरी किये द्यरास्ते मे उन्हें कुल 3800द्मद्व का सफर 15 दिनों में करके जज़्बा दिखाया है

## वेदांता एल्यूमिनियम ने किया बेड़े में विस्तार

कोरबा। भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट के अपने बेड़े का विस्तार किया है। गौर तलब है भारत में इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट की सबसे बड़ी फ्लीट वेदांता एल्यूमिनियम के पास है और अब इनकी तादाद 66 हो गई है। हाल ही में कंपनी ने अतिरिक्त 22 इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट झारसुगुडा, ओडिशा स्थित अपने स्मेल्टर प्रचालन में तैनात की हैं। यह विस्तार वेदांता एल्यूमिनियम के डिकार्बनाइज़ेशन प्रयासों को और भी प्रभावी बनाएगा।इस विस्तार के बारे में वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, ''वेदांता एल्यूमिनियम के व्यवसाय का एक अनिवार्य हिस्सा है- सस्टेनेबिलिटी। अपनी प्रचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए हम निरंतर अभिनव विधियां अपना रहे हैं। 66 इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट की तैनाती नैट् ज़ीरो भविष्य तक पहुंचने में हम गति प्रदान करेगी।''ये फोर्कलिफ्ट ओडिशा के झारसुगुडा व लांजिगढ़ की इकाईयों तथा छत्तीसगढ़ के बाल्को स्मेल्टर में तैनात हैं, इनकी बैटरी तेजी से व सुरक्षित तरीके से चार्ज होती है। इस पहल से हमारी प्रचालन कुशलता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है और साथ ही कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी इसने योगदान दिया है। इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट घटाने में निम्न तरीकों से मददगार साबित होती है:ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी जो सालाना 2500 टन कार्बन डाइऑक्साइड के समकक्ष है।डीजल की खपत में घटाव, जिससे अंदाजन 8.4 लाख लीटर से ज्यादा की प्रतिवर्ष बचत होती है।कंपनी 2030 तक अपने हल्के वाहनों (एलएमवी) के बेड़े को 100 प्रतिशत कार्बन मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वेदांता एल्यूमिनियम की ये निरंतर कोशिशें इस बात की परिचायक हैं कि वह अपने सभी प्रचालनों को डिकार्बनाइज़ करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों की समीक्षा व तैनाती के लिए प्रयासरत रहती है। वेदांता




भारत की उन अग्रणी कंपनियों में शामिल है जो अपने प्रचालनों में सस्टेनेबल तरीकों को अपनाती हैं, खास कर मैटेरियल हैंडलिंग के मामले में।

वेदांता एल्यूमिनियम का ध्येय है 2050 तक नैट् ज़ीरो की स्थिति हासिल करना और इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट फ्लीट का विस्तार इसी दिशा में एक कदम है। अपनी इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कंपनी कार्बन फुटप्रिंट घटाने की दो-तरफा रणनीति अपनाती है- एक, अपने ऐनर्जी मिक्स में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों में वृद्धि एवं प्रचालन उत्कृष्टता को बढ़ाना; तथा दूसरी, व्यापक वनीकरण द्वारा कार्बन फुटप्रिंट के असर को दूर करना। अपने प्रचालनों के जरिए कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि दायित्वपूर्ण ढंग से उच्च-क्वालिटी का एल्यूमिनियम उत्पादित किया जाए व उसे दुनिया भर में उपलब्ध कराया जाए जिससे की हमारी पृथ्वी का भविष्य हराभरा हो।वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्यूमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक है। वित्तीय वर्ष 23 में 22.9 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्यूमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया।

यह मूल्य संवर्धित एल्यूमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है जिनका उपयोग कई अहम उद्योगों में किया जाता है। वेदांता एल्यूमिनियम को एल्यूमिनियम उद्योग में एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असैसमेंट 2023 में पहली वैश्विक रैंकिंग मिली है, यह उपलब्धि कंपनी की सस्टेनेबल विकास प्रक्रियाओं को प्रतिबिम्बित करती है।

भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्यूमिनियम स्मेल्टर्स और एल्यूमिना रिफाइनरी के साथ कंपनी हरित भविष्य के लिए विभिन्न कार्यों में एल्यूमिनियम के प्रयोग को बढ़ावा देने और इसे 'भविष्य की धातु' के रूप में पेश करने के अपने मिशन में लगातार आगे बढ़ रही है।

# जिले में डेंगू,मलेरिया की रोकथाम के लिए 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान का किया शुभारंभ

जांजगीर-चांपा । कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जिले को डेंगू - मलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान " 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान" की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत कलेक्टर ने प्रत्येक गुरूवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालयों का निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकालने, आवश्यक जगहों पर मिट्टी तेल, इंजन आयल एवं अन्य लार्वा रोधी पदार्थों का छिड़काव कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील कर कहा कि अपने आस पास के जल भराव वाले स्थानों की साफ-सफाई रखें। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर परिसर में लगे कूलर एवं अन्य पानी जमा होने वाले जगह का अवलोकन किया। उन्होंने मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के छत पर जाकर पुराने कंडम पड़े सामानों को हटाने अथवा आवश्यकतानुसार डिस्पोज करने कहा। उन्होंने सीपेज वाले स्थानों को भी मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए, जिससे मलेरिया-डेंगू वाले मच्छर न पनप सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारी अपने कार्यालयों का सुबह 10 बजे निरीक्षण करने कहा एवं ऐसे स्थान जहाँ मच्छर पनपते हैं - जहां पानी का ठहराव है या पानी जमा हो रहा है जैसे कूलर, ख़ाली पड़े टायर, ख़ाली बर्तन इत्यादि को साफ़ कर पाएंगे अथवा कैरोसीन तेल का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित जिले के सभी अधिकारियों ने अपने कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई की करने की निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की कलेक्टर छिकारा ने प्रत्येक गुरुवार को प्रात: 10 बजे से 10 मिनट तक सभी अधिकारी जिले को डेंगू - मलेरिया मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वच्छता समूह सहित अन्य व्यक्ति प्रत्येक गुरूवार को प्रत्येक ग्रामों में गृह भेंट करके घर के भीतर, आसपास किसी भी प्रकार के पुराने बर्तन, पुराने प्लास्टिक डिब्बे, पुराने टायर एवं कूलर इत्यादि में किसी भी प्रकार से पानी को जमा नहीं होने देने की जानकारी देकर जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

# मयंक के मेरू ट्रांसप्लाटं के लिए मिली 18 लाख की स्वीकृति



जांजगीर-चांपा। भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय के प्रयासो से ग्राम खोखसा के 10 वर्षीय बालक मयंक साहू के बोन मेरू ट्रांसप्लांट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत 18 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। अब जल्द ही बालक मयंक का सर्जरी नारायणा हेल्थ सीटी बैंगलोर हॉस्पिटल मे होगा और वह भी अन्य बच्चों की तरह जीवन यापन कर सकेगा। ज्ञात हो कि दीना साहू अपने पुत्र मयंक 10 वर्ष के साथ ग्राम खोखसा मे निवास करता है। पुत्र मयंक बचपन से ही मेजर थैलेसिमिया नामक बिमारी से पीड़ित है। उसे हर दूसरे सप्ताह मे ब्लड ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है। चिकित्सकीय जांच बाद पता चला कि इसका एकमात्र उपाय बोनमेरो ट्रांसप्लांट है। पुत्र मयंक के साथ दीना साहू इंजी. रवि पाण्डेय से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इंजीनियर पाण्डेय ने मामले की संवेदन शीलता को देखते हुए तुरंत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत राशि प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन किया और विधिवत प्रक्रिया पूर्ण करवाने मे साहू दम्पत्ति की मदद किया अंतत: बोन मेरू ट्रांसप्लांट सर्जरी हेतु 18 लाख की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई। दीना साहू अपने परिवार सहित इंजीनियर रवि पाण्डेय का आभार व्यक्त करने उनके जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे जहां इंजीनियर पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णदेव साय की संवेदन शीलता और बालक के भाग्य से ये कार्य हुआ है। आगे भी छत्तीसगढ़ की साय सरकार जरूरतमंदो की मदद करती रहेगी। इंजीनियर पाण्डेय ने बालक मयंक को गोद मे लेकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेवानिवृत्त प्रधानपाठक आशालता सिंह को स्कूल में दी गई विदाई

जांजगी। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला नैला की प्रधानपाठिका आशालता सिंह के सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन शाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बीईओ विजय लहरे, बीआरसी ऋषिकांता राठौर, संकुल प्राचार्य रुक्मणी मरावी, चंद्र प्रकाश राठौर प्रधानपाठक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का बुके भेंटकर स्वागत किया गया। बीआरसीसी ऋषिकांता राठौर ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ एवं स्वच्छ छवि की प्रधान पाठक बताया। मंचस्थ समस्त अतिथियों व उपस्थित शालेय परिवार से विष्णु बिंझवार, सुनीता राठौर, किरण बजाज, अनिता देवांगन, वंदना राठौर,राजेश्वरी यादव ने सिंह के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद करते हुए उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में आशालता सिंह ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए शालेय परिवार व विभागीय सदस्यों के सहयोग से अपने शिक्षकीय जीवनकाल को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर योगेश बनर्जी, समीर लकड़ा, रविंद कंवर, संध्या राठौर, हेमलता यादव, अनामिका सिंह, गोपाल सूर्यवंशी सहित शिक्षक- शिक्षिका उपस्थित रहे।

## आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

सक्ती। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम तौलीपाली निवासी मृतक स्वर्गीय विराट चौहान को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के माता श्रीमती जयमति चौहान पति स्वर्गीय श्री चंदन सिंह चौहान को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों की अधीन प्रदान की गई है।

## लाखों की गड़बड़ी का आरोप, दो पंचायत सचिव निलंबित

पामगढ़। पामगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कमरीद में पदस्थ सचिव लखेश्वर यादव के खिलाफ उप सरपंच व ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि सचिव ने शासकीय राशि का गबन कर दिया है। इस राशि का इस्तेमाल स्वयं के उपयोग के लिए खर्च किया है। मामले की शिकायत पर जांच टीम गठित की गई। जांच में मामला सही पाया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत सचिव लखेश्वर यादव को किया गया है। इससे पहले को निलंबित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसमें उनका जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने के कारण उसे निलंबित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट कहा है कि कमरीद के तत्कालीन सचिव लखेश्वर यादव कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता, लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। इसके चलते छत्तीसगढ़ पंचायती आचरण नियम 1998 के विपरीत है। अत: लखेश्वर यादव तत्कालिक सचिव ग्राम पंचायत कमरीद को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में लखेश्वर यादव को ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय जनपद कार्यालय पामगढ़ नियत किया गया है।
ग्राम पंचायत कमरीद में जो भी सचिव आया केवल अपनी जेब भरने का काम किया है। ग्राम पंचायत सचिव लखेश्वर यादव के बाद किशुन लाल लहरे को प्रभार दिया गया था। किशुन लाल लहरे ने भी अपना पदभार ग्रहण करने के बाद लाखों की गड़बड़ी की। ग्राम पंचायत के उपसरपंच ने उसकी भी शिकायत की थी। जिला पंचायत सीईओ ने इसकी भी जांच कराई। जांच के बाद सीईओ ने इस सचिव के द्वारा भी गड़बड़ी की पुष्टि की। इसके चलते किशुन लाल लहरे को भी निलंबित किया गया है।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जांजगीर। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों से जुड़ी जिले की समस्याओं को लेकर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य को ज्ञापन सौंपा। सर्वप्रथम हरियाली के प्रतीक पौधा देकर अधिकारी का स्वागत किए। पौधा को कलेक्ट्रेट परिसर में लगाने का आग्रह करते हुए उसके देखभाल का भी जिम्मा शिक्षक मोर्चा ने लिया। इसके बाद मांगों को रखते हुए बताए कि जिले के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की समस्या के निदान के लिए पूर्व में शिक्षक संगठनों व अधिकारियों की परामर्शदात्री समिति बनाकर प्रत्येक तीन माह में बैठक आयोजित किया जाता था, जिसे शिक्षक संवर्ग के अनेक समस्याओं का निदान किया जाता था, लेकिन विगत कुछ माह से यह बंद है। परामर्श दात्री समिति का गठन कर बैठक बुलाने के लिए आदेशित की जाए। जिले के अधिकांश हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त हैं, जिससे इन स्कूलों में प्रभारी प्राचार्य का प्रशासनिक नियंत्रण सही ढंग से नहीं हो पाता, साथ ही उन्हें अपने विषय की पढ़ाई के साथ अन्य कार्य भी संचालित करना होता है। इसी प्रकार हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में अन्य विषयो के व्याख्याता के पद रिक्त हैं। इससे जिले का परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है। उत्कृष्ट जांजगीर को सफल बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से पद रिक्तता की जानकारी लेकर शीघ्र भर्ती पदोन्नति के लिए शिक्षा सचिव को प्रस्ताव भेजी जाए। शिक्षक एलबी संवर्ग का अप्रैल 2022 पुरानी पेंशन की योजना के अनुसार पीएएफ राशि की कटौती की जा रही है, लेकिन इसके लिए पासबुक का संधारण नहीं किया जा रहा है। सभी डीडीओ को पासबुक संधारण के लिए आदेशित किया जाए। चुनाव कार्यक्रम एवं शासन के कई योजना संचालित होने के कारण इस वर्ष गर्मी में शिक्षक संवर्ग अपने मुख्यालय में उपस्थित थे, जिसके कारण से छुट्टी का उपयोग नहीं कर पाए हैं। उन्हें नियम के अनुसार अर्जित अवकाश स्वीकृत की जाए, शिक्षक एलबी संवर्ग के मृत्यु के बाद परिजनों को स्वत्वो का भुगतान समय सीमा पर नहीं मिल पाता है। इससे अभी तक हमारे जिले में एक भी एलबी संवर्ग के परिजनों का पेंशन प्रकरण का समाधान नहीं हो पाया है।

## विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

सक्ती। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई 2024 से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।



## शासकीय स्कूलों में कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित हुआ नवोदय विद्यालय प्रवेश हेतु अभ्यास टेस्ट

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा के विशेष पहल पर जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं के लिए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का अभ्यास टेस्ट आयोजित किया गया ताकि शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं का अधिक से अधिक चयन नवोदय विद्यालय में हो सके। नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन हो और वह प्रवेश पाएं इसको लेकर जिले सभी स्कूलों में शिक्षकों के माध्यम से तैयारी कराई जा रही है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा जिले में सतत रूप से शिक्षा के विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां चलाई जा रही है। जिनमें बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना के साथ ही स्कूली बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर भी अभ्यास टेस्ट कराये जा रहें हैं।

## मुंशी हुआ उठाईगिरी का शिकार

जांजगीर चांपा। जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा रोड स्थित रजनीश बुक डिपो के पास राइसमिल का मुंशी उठाईगिरी का शिकार हो गया, बताया जा रहा है कि मुंशी पैसे के बैग को मोटर साइकिल के हैंडल टांग रखा था जिसमे 1 लाख 50 हजार रुपए था, जांजगीर सिटी कोतवाली थाने के आगे जब वह पहुँचा तो किसी ने उसे आवाज देकर 10 रुपये का नोट गिरे होने की बात कही, मुंशी गाड़ी खड़ी कर 10 रुपये उठाने चला गया। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने नोट से भरा थैला पार कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिलीप सिंह ने बताया की वह ओम रईस मिल में मुंशी का काम करता है। वह रोजाना की तरह बैंक के समय में पंजाब नेशनल बैंक से 1 लाख 50 हजार रु को निकल कर केरा रोड की तरफ काम से जा रहा था। पैसे से भरा थैला को मोटर साइकिल के हैंडल में लटकाया हुआ था। एक अज्ञात व्यक्ति ने कहा की 10 रू पैसा सड़क में गिरा है लगा की जेब से गिरा होगा। जिसे उठाने के लिए मोटर साइकिल को खड़ा किया और उठा कर वापस आया तो मोटर साइकिल के हैंडल में रखा पैसे का थैला गायब था। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर बैंक के सीसीटीवी कैमरे को चेक की गई जिसमे संदेही एक व्यक्ति रेकी करते नजर आ रहा है।

## विधायक-कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी राम भक्तों ने सीएम को कहा धन्यवाद




जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के 187 राम भक्तों की टोली अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। श्रद्धालुओं की बस को विधायक व्यास कश्यप और कलेक्टर आकाश छिकारा ने हरी झंडी दिखाई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से यात्री आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या रवाना हुए।इस अवसर पर विधायक व्यास कश्यप ने रामलला दर्शन के लिए रवाना हो रहे सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी नागरिकों से कहा कि शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लें।श्रद्धालु बलराम पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की श्री राम लाल दर्शन योजना बहुत ही अच्छी योजना है। जिसके माध्यम से हम सुविधाओं के साथ निशुल्क अयोध्या जाकर भगवान श्री राम लाल जी के दर्शन कर पा रहे हैं। यह हमारे लिए बहुत ही बड़ी सौभाग्य की बात है।
राम भक्त राकेश तिवारी ने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर खोखरा चौक जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया।187 श्रद्धालुओं में जनपद पंचायत नवागढ़ से 27, जनपद पंचायत बम्हनीडीह से 27, जनपद पंचायत पामगढ़ से 27, जनपद पंचायत अकलतरा से 28, बलौदा जनपद पंचायत से 28 और सभी नगरीय निकाय से 45 यात्री शामिल है।

## मालखरौदा में आज लगेगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

सक्ती। जिले में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से 12 जुलाई से 27 दिसम्बर तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय शिविर अंतर्गत शुक्रवार को मालखरौदा ब्लाक के हायर सेकंडरी स्कूल आमनदुला में शिविर लगेगा।
कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिलेवासियों से उक्त शिविर में विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की है। कलेक्टर ने विभिन्न विकासखंड के निर्धारित स्थलों पर आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभाग प्रमुख को शिविर में उपस्थित रहकर लोगों से प्राप्त आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।जानिए... कब और कहां होगा जिला स्तरीय शिविर जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 26 जुलाई को सक्ती विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा के हायर सेकेंडरी स्कूल नगरदा में, 8 अगस्त को जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत हसौद के हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद में, 23 अगस्त को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सपोस में, 13 सितम्बर को मालखरौदा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघरा में, 27 सितम्बर को सक्ती विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल मसनियाकला में लगेगा।

## ताइक्वांडो-प्रतिष्ठा ने जीता गोल्ड मेडल

जांजगीर। रायपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें ताइक्वांडो महिला जूनियर 58 किलोग्राम में प्रतिष्ठा गोस्वामी ने दो प्रतिभागियों को नाकआउट कर स्वर्ण पदक जीता। प्रतिष्ठा गोस्वामी ने 58 किलोग्राम जूनियर महिला वर्ग में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए सुकमा व भिलाई रीजन की प्रतियोगी को नॉक आउट किया। इस प्रतियोगिता के बाद उनका चयन आगामी केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वे



## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 13 को चढ़ेगा रोट प्रसाद

बाराद्वार । मारवाड़ी धर्मशाला के पास स्थित नगर के प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 13 जुलाई शनिवार को रोट (प्रसाद) चढ़ाया जाएगा। इसमें समस्त नगरवासियों का सहयोग रहेगा। हनुमान मंदिर में कार्यक्रम को लेकर पहले चरण में पूरे मंदिर परिसर की सफाई करने के बाद रंग रोगन का काम कराया जा रहा है। उसके बाद पूरे मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत झालरों व फूलों की सजावट की जाएगी। 13 जुलाई शनिवार की सुबह 10 बजे पंडित विशेष पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद रोट (प्रसाद) चढ़ाया जाएगा व उसे पूरे नगर में बांटा जाएगा।

## अभिलेखों में बिना कारण गलती मिली तो कार्रवाई

जांजगीर राजस्व मामलों के निपटारे के लिए राजस्व पखवाड़े की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। गांवों और तहसील में ऐसे शिविर 31 जुलाई तक लगेंगे। इसमें राजस्व मामलों का निपटारा किया जा रहा है।। शिविर के दौरान धारा 115 या अभिलेखों में त्रुटिपूर्ण सुधार करने यदि अकारण गलती सामने आने पर संबंधित राजस्व अफसर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

### आंगनबाड़ी और सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए 18 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

सक्ती । एकीकृत बाल विकास परियोजना मालखरौदा, जिला सक्ती अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 पद एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 5 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत मुनादी एवं आवेदन का प्रारूप परियोजना कार्यालय मालखरौदा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिएपरियोजना मालखरौदा, जिला सक्ती में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## करमंदा में डायरिया फैलने से वृद्धा की मौत



जांजगीर चांपा। करमंदा में डायरिया फैलने से एक वृद्धा की मौत हो गई है। तीन ग्रामीणों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय दाखिल कराया गया है। कुल प्रभावितों की संख्या 34 बताई जा रही है। डायरिया फैलने व ग्रामीणों की तबियत खराब होने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग बलौदा की टीम करमंदा पहुंचकर पीड़ितो का इलाज कर रही है। साथ ही गांव में ओआरएस का पैकेट वितरण की। बुधवार 10 जुलाई की रात करमंदा निवासी पांचों बाई बिंझवार 75 वर्ष की मौत हो गई। परिजनों से प्राप्त सूचना के अनुसार 9 जुलाई मंगलवार को उल्टी दस्त की शिकायत पर जिला चिकित्सालय दाखिल कराया गया था। बुधवार की रात तबियत में सुधार को देखते हुये जिला चिकित्सालय से पांचोंबाई को छुट्टी दे दी गई थी लेकिन देर रात घर में पन: तबियत खराब हुई और उनकी मौत हो गई।

## कार्यशाला में नए कानूनों के संबंध में दी जानकारी

जांजगीर । 1 जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू कर दी गई है। इसके बारे में एसपी विवेक शुक्ला ने गुरुवार को कार्यालय में बैठक लेकर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। एसपी ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की। एसपी ने कहा कि नए कानून का उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है। इसलिए नवीन कानून के बारे में सभी पुलिस अधिकारियों एवम सभी जनता को जानकारी होना बहुत आवश्यक है। अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा का प्रावधान किया गया है। मॉब लिचिंग की धारा निर्धारित की गई है।

## टीसी नहीं मिलने से छात्र व अभिभावक हो रहे परेशान

बंडामुंडा । रेलनगरी बंडामुंडा स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे अंग्रेजी माध्यम हाई सेकेंडरी स्कूल में 12 वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को विद्यालय से परित्याग प्रमाण पत्र (टीसी) नहीं मिलने के कारण छात्राओं को अन्य उच्च शिक्षा में नामांकन नहीं मिल पा रहा है। इससे छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी परेशान है। 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी और उनके अभिभावक प्रतिदिन विद्यालय में टीसी के लिए चक्कर लगा रहे हैं।


**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

202406050600026
रा.प्र.क्र.-/ब-121/2023-24
ग्राम-कोरबा प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रियंका कुमारी पति धमेन्द्र कुमार जाति कुशवाह निवासी हा.मु. पं. रविशंकर शुल्क नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 में ,ख.नं. 235/1स्थित है, जिसमें भवन क्र. LIG-80 क्षेत्रफल 81.20 वर्गमीटर को विक्रेतागण प्रदीप कुमार त्रिपाठी पिता स्व. राजकुमार त्रिपाठी वगैरह जति ब्राम्हण निवासी हा.मु. छ.ग. गृह निर्माण मण्डल आवासीय परिसर मंगला बिलासपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03/06/2024 के माध्यम से उक्त क्र.LIG-80 क्षेत्रफल 81.20 वर्ममीटर को आवेदिका अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 18/07/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)



**प्रारूप-एक**

(नियम 11 देखिये)

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कोरबा**

पत्र क्र./9997/भू-अर्जन/2024 — कोरबा, दिनांक 10/07/2024

**अधिसूचना**

भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत
नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रायोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात-

| जिला | तहसील | ग्राम/नगर | क्षेत्रफल | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| कोरबा | कटघोरा | जटांगपुर | 4.652 हे. | जटांगपुर एनीकट योजना के डूबान क्षेत्र हेतु |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 24.07.2024 को समय 02.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन पंडरीपानी पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि का अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| 1. लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण | जटांगपुर एनीकट योजना के डूबान क्षेत्र हेतु |
| 2. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या | 06 परिवार |
| 3. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या | 06 परिवार |
| 4. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या | निरंक |
| 5. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या | निरंक |
| 6. क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है? | हॉं |
| 7. क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है। | हॉं |
| 8. परियोजना की कुल लागत | रू. 317.53 लाख |
| 9. परियोजना से होने वाले लाभ | परियोजना से 25 हे. में खरीफ सिंचाई सुविधा उद्वहन सिंचाई द्वारा (स्वयं के खर्चे पर) उपलब्ध कराई जावेगी। |
| 10. प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय | प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए संभावित उपाय किये जा रहे हैं तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है। |
| 11. परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक | निरंक |

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो तो निहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

(अजीत वसंत)
कलेक्टर, जिला-कोरबा
एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-242501013/2

## अनमोल वचन......

गलती पर साथ छोड़ने वाले तो बहुत मिलते हैं पर गलती पर समझा कर साथ निभाने वाले बहुत कम मिलते हैं

# मोदी की रूस यात्रा रणनीतिक महत्व का साबित हुई

रूस के लिए मोदी की यात्रा रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई। रूस का खास प्रयास पश्चिम के इस प्रचार को झुठलाने का है कि उसे अंतरराष्ट्रीय जगत में अलग-थलग कर दिया गया है। इस लिहाज से इस यात्रा का महत्त्व स्पष्ट है। भारत-रूस दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मास्को यात्रा को सफल बताया है। लेकिन सफलता को मापने के दोनों के संभवतः अलग-अलग पैमाने हैं। भारत की नजर में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में हुए समझौतों से देश को फायदा होगा। दोनों देशों ने 2030 तक सालाना आपसी व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है, जो फिलहाल 65 बिलियन डॉलर के करीब है। खबरों के मुताबिक रूस भारत को रियायती दर पर कच्चा तेल देते रहने पर राजी हुआ है। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में तकनीक ट्रांसफर जारी रखने पर भी रजामंदी हुई। मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के सामने भारतीय नौजवानों को जबरन रूसी सेना में शामिल करने का मुद्दा उठाया, जिस पर पुतिन उन्हें जल्द वहां से मुक्ति देने पर सहमत हुए। इसके अलावा भारत के नजरिए एक सफलता यह भी है कि रूस ने अपने प्रतिष्ठित सम्मान- ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द अपोस्टल से मोदी को सम्मानित किया। विदेश में मोदी के ऊंच कद की छवि बनाना गुजरे दस साल में भारतीय विदेश नीति का एक खास प्रयास रहा है। इस सम्मान से इस कथा में एक नया पहलू जुड़ा है। उधर रूस के लिए यह यात्रा दूरगामी रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई। पिछले सवा दो साल में रूस का खास प्रयास पश्चिम के इस प्रचार को झुठलाने का है कि उसे अंतरराष्ट्रीय जगत में अलग-थलग कर दिया गया है। जिस भारत में अमेरिका ने गुजरे वर्षों में खास रणनीतिक निवेश किया है, उसके प्रधानमंत्री मास्को जाकर पुतिन के गले लगें, तो उसका प्रतीकात्मक महत्त्व स्पष्ट है। रूस और चीन की फिलहाल कोशिश यह है कि भारत को जितना संभव है तटस्थ रखने का प्रयास किया जाए, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पश्चिमी रणनीति ऊहापोह की शिकार बनी रहे। इसीलिए चीन में मोदी की मास्को यात्रा का दिल खोल कर स्वागत किया गया है। बेशक, इस यात्रा से अमेरिका की तल्खी बढ़ी है, जो उसके विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर हुआ है। तो कुल मिला कर दोनों पक्षों ने अपने हित साधे। फिलहाल इसमें वे सफल रहे हैं।

## राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।

वृष राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोइ नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

मिथुन राशि-आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। वाहन चलाते समय धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आप व्यस्त रहेंगे। आज पारिवारिक मामले में कोई भी फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार का माहौल आज अच्छा रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज ऑफिस के कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं । आज परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है। रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने की संभावना है।

तुला राशि-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा । माता के साथ घर के कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल- मेल बना रहेगा। आज आपको अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है आप अपना समय मन-पसंद काम करने में बिता सकती हैं। इस राशि के मंत्रियों की विदेशी यात्रायें हो सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। कहीं रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगो के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। लवमेट के रिश्ते की बात घर पर होगी, जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टैक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे। ऑफिस के कार्यों को आज समय से पूरा कर लेना अच्छा रहेगा।

# सरकार के शीर्ष स्तर पर जवाबदेही तय हो

//अजीत द्विवेदी//

**मानसून की पहली बारिश में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल एक की पार्किंग एरिया में कैनोपी यानी छत गिर गई। इस हादसे में आठ गाड़ियां दब गईं। इनमें से एक गाड़ी टैक्सी थी, जिसमें ड्राइवर बैठा हुआ था और छत गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दिल्ली हवाईअड्डे के साथ ही मध्य प्रदेश के जबलपुर और गुजरात के राजकोट हवाईअड्डे पर भी बिल्कुल इसी तरह की घटनाएं हुईं। जिस समय एक के बाद एक ये तीन घटनाएं हुईं उसी समय बिहार में पुल गिरने की खबरें आ रही थीं। एक पखवाड़े में कोई एक दर्जन पुल गिर गए। ज्यादातर पुल पुराने थे लेकिन कम से कम दो पुल ऐसे थे, जो अभी बन ही रहे थे। यानी निर्माणाधीन पुल गिर गए।**

उसी समय या उससे थोड़ा पहले यह खबर आई थी कि मुंबई के जिस अटल सेतु का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव की घोषणा से पहले उद्घाटन किया था उसमें दरारें आ गई हैं। हालांकि बाद में कहा गया कि दरार पुल पर नहीं, बल्कि एप्रोच रोड पर आई है। यह ऐसी सफाई थी, जिसमें पूरी व्यवस्था को बचाने का प्रयास साफ दिख रहा था। इससे कुछ ही दिन पहले पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंघा एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोग मारे गए। यह बिल्कुल उसी तरह का हादसा था, जैसा पिछले साल बालासोर में हुआ था, जिसमें करीब तीन सौ लोगों की जान गई थी। दोनों दुर्घटनाओं के समय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ही थे।

ऐसी दुर्घटनाओं के समय मीडिया में यह बताने का प्रचलन रहा है कि कैसे एक ट्रेन दुर्घटना हुई थी तो तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। यह भी बताया जाता है कि नीतीश कुमार ने भी एक हादसे के बाद रेल मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। लेकिन अब तो नीतीश कुमार इस्तीफा नहीं देते! उनके राज्य में पिछले एक पखवाड़े में एक दर्जन पुल गिरे हैं। दो निर्माणाधीन पुल गिरे हैं। कुछ समय पहले 17 सौ करोड़ रुपए की लागत से गंगा नदी पर बन रहा पुल गिर गया था। उससे थोड़े दिन पहले गंडक नदी पर बना 264 करोड़ रुपए का पुल गिर गया था। उनके राज्य में शराबबंदी है और सैकड़ों लोग नकली शराब पीकर मर गए।

लेकिन ऐसी किसी घटना के बाद नीतीश कुमार का इस्तीफा नहीं हुआ और न उन्होंने आगे आकर जवाबदेही स्वीकार की। यही हाल हवाईअड्डों की छत गिरने में है, यही हाल रेल दुर्घटनाओं में है और यही हाल बारिश में सड़कों के धंसने, पहाड़ टूटने, जंगलों में आग लगने जैसी घटनाओं में भी है। किसी भी हादसे में शासकीय या प्रशासकीय जवाबदेही नहीं तय की जा रही है। ऐसा लग रहा है, जैसे देश की शासन व्यवस्था जवाबदेही के सिद्धांत से ऊपर उठ गई है। हम सामूहिक उत्तरदायित्व के दौर से आगे किसी और दौर में रह रहे हैं!

ऐसा लग रहा है, जैसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के साथ साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी हर तरह की जवाबदेही से मुक्त हो गए हैं। वे अपने किए गए किसी भी काम के प्रति उतरदायी नहीं हैं। यह भी लग रहा है कि देश की आम जनता की जान की कीमत कुछ भी नहीं रह गई है। वह हवाईअड्डे की पार्किंग में छत गिर जाने से मर जाता है या सत्संग की भीड़ में कुचल कर मर जाता है और किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। आम इंसान सिर्फ एक भीड़ का हिस्सा बन कर गया है, जिसका इस्तेमाल चुनाव के समय वोट लेने और उसके बाद पांच साल तक दर्जनों किस्म के टैक्स वसूलने के लिए किया जाता है। इसके बाद न तो कोई उसकी जिंदगी की लिए जवाबदेह है और न उसकी मौत के लिए उत्तरदायी है! यह दुखद स्थिति है और किसी भी सभ्य और जीवंत लोकतंत्र के माथे पर गहरा काला धब्बा है।

आखिर हवाईअड्डे की छत गिरने का हादसा हो या पुल गिरने की घटना हो या ट्रेन दुर्घटना हो, ये सारी घटनाएं तो प्रशासकीय विफलता की वजह से ही हुईं! फिर इसके लिए किसी को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाना चाहिए? क्या इसके लिए बिल्कुल शीर्ष स्तर से लोगों का इस्तीफा नहीं होना चाहिए। इन घटनाओं का यह कह कर बचाव किया जा रहा है कि दिल्ली हवाईअड्डे की जो छत गिरी वह 2009 में बनी थी, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार थी या बिहार में जो पुल गिरे हैं वो 40 साल पुराने थे या ट्रेन दुर्घटना स्टेशन मास्टर या किसी अन्य रेलवे कर्मचारी की गलती से हुई। यह भी कहा जा रहा है कि इतना बड़ा देश है और इतना विशाल बुनियादी ढांचा है तो कहीं न कहीं दुर्घटना होती रहेगी। अगर इसके लिए मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे होने लगें तो फिर कोई नहीं बचेगा।

यह सब बहुत सतही और असंवेदनशील दलीलें हैं, जिनके दम पर शासन और व्यवस्था का बचाव किया जा रहा है। असल में ये सारे तर्क इस ओर इशारा कर रहे हैं कि ऐसी घटनाएं तो होती रहती हैं। इस तर्क का विस्तार यह भी हो सकता है कि अगर घटनाएं नहीं होंगी, पुल नहीं गिरेंगे, सड़कें नहीं टूटेंगी, टर्मिनल की छत नहीं गिरेगी तो नया निर्माण कैसे होगा और अगर नया निर्माण नहीं हुआ तो ठेके में कमीशन का खेल कैसे होगा और अगर कमीशन का खेल नहीं हुआ तो राजनीति कैसे होगी? असल में यह एक दुष्चक्र बन गया है, जिसमें सबकी मिलीभगत है। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि बुनियादी ढांचे का निर्माण आम जनता के हित के लिए कम और राजनीतिक व आर्थिक फायदे के लिए ज्यादा किया जाता है। सरकारी ठेकों में जम कर कमीशन का खेल होता है और ऊपर से ठेकेदार के ऊपर काम जल्दी पूरा करने का दबाव होता है, ताकि राजनीतिक लाभ लिया जा सके। काम की गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं रहता है और न काम पूरा होने के बाद उसके रखरखाव का कोई सांस्थायिक ढांचा बना है।अगर सड़कों, पुलों और दूसरे बुनियादी ढांचों के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, उनकी नियमित जांच की सांस्थायिक व्यवस्था बने और किसी भी गड़बड़ी के लिए सरकार के शीर्ष स्तर पर जवाबदेही तय हो तो इस तरह की घटनाओं को रोकना मुश्किल नहीं होगा। आखिर अंग्रेजों के जमाने में बने सैकड़ों रेल और सड़क पुल आज भी सुरक्षित हैं, जबकि आजाद भारत में बना बुनियादी ढांचा पहले दिन से खतरे में होता है। तभी यह सोचना तो चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों होता है और इसे रोकने का क्या उपाय हो?

# चीन पुतिन का समर्थन कुछ शर्तों पर ही करेगा

//श्रुति व्यास//

**क्या दृश्य था.! अस्त होने के ठीक पहले का नर्म सूरज पेड़ों के पीछे से झांक रहा था। उसकी रोशनी दो प्रसन्नचित्त पक्के दोस्तों पर पड़ रही थी जो पांच साल के बाद मिले थे। इस मुलाकात से वे दोनों कितने रोमांचित थे, यह उनके गर्मजोशी से गले मिलने से जाहिर था। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की यात्रा पर मास्को पहुंचे। वे कूटनीतिक उलझनों को कम करने और संबंधों और मजबूत बनाने के लिए बातचीत करने आए थे।**

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया और रूस आने के लिए अपने 'प्रिय मित्र' मोदी का शुक्रिया अदा किया। जवाब में मोदी ने कहा, एक दोस्त के घर आना हमेशा बहुत अच्छा अनुभव होता है। एक-दूसरे के प्रति दोनों का रवैया बहुत सौहार्दपूर्ण था। यह करीब-करीब उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग-उन की रूस यात्रा जैसा ही था या फिर कुछ हफ्ते पहले पुतिन की उत्तर कोरिया की यात्रा जैसा। तब किम और पुतिन प्योंगयांग की एक सड़क पर एक महंगी कार में घूमते नजर आए थे, जिसे किम चला रहे थे। लगभग वैसा ही नजारा हमने मॉस्को में देखा जहां मोदी एक नीले रंग की चमचमाती गोल्फ कार्ट में बैठे थे जिसे, पुतिन चला रहे थे। दोनों नेता पुतिन के घोड़ों को देखने जा रहे थे। जिस समय मॉस्को में प्रेम और सौहार्द का यह प्रदर्शन चल रहा था, उस समय जो बाइडेन वाशिंगटन में नाटो देशों के नेताओं की अगवानी कर रहे थे, जिनकी यात्रा का उद्देश्य था यूक्रेन युद्ध में रूस द्वार ढाए जा रहे जुल्मों के चलते उस पर और सख्त प्रतिबंध लगाने, उसके खिलाफ और कठोर कदम उठाने पर विचार करना। रूस ने उसी दिन अन्य नागरिक ठिकानों के साथ-साथ यूक्रेन के बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर मिसाइलों से हमला किया, जिसमें बच्चों सहित दर्जनों लोग मारे गए। मोदी के रूस में हुए गर्मजोशी भरे स्वागत पर कीव से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलदोमिर जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ÷दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को खून-खराबे के सबसे बड़े अपराधी के गले लगते देखना अत्यंत निराशाजनक है और शांति के प्रयासों के लिए बहुत बड़ा झटका है। प्रधानमंत्री यूक्रेन युद्ध प्रारंभ होने के बाद पहली बार रूस पहुंचे थे। यह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी थी। उन्होंने स्वयं उनके द्वारा कायम की गई इस परंपरा को तोड़ दिया कि पद संभालने के बाद वे सबसे पहले पड़ोसी देश की यात्रा करेंगे। उन्होंने रूस को चुना। उनका इरादा पुतिन द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के खिलाफ कोई सख्त रवैया अपनाने या पुतिन की बर्बरता की कड़े शब्दों में की निंदा करने का नहीं था, बल्कि, दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों पर एक बार फिर मुहर लगानी थी। पहली विदेश यात्रा के लिए रूस को चुनने का एक उद्धेश्य क्रेमलिन की भारत के प्रतिद्वंदी चीन पर निर्भरता कम करने का प्रयास करना भी था।यह करने के लिए उन्हें पूरब और पश्चिम के बीच एक नाजुक संतुलन कायम करना पड़ेगा। लेकिन इसकी बजाए वे अब तक रूस को काफी नरम अंदाज़ में समझाइश देते आ रहे हैं। उन्होंने 2022 में उज्बेकिस्तान में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में पुतिन से कहा था कि आज का समय युद्ध का नहीं है। पुतिन ने पिछले साल दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 सम्मेलन में भाग नहीं लिया, जिसमें दुनिया भर के नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना की। वहीं मोदी पिछले सप्ताह कजाखस्तान में हुए शंघाई सहयोग संगठन, एससीओ सम्मेलन में नहीं पहुंचे, जिसमें रूसी राष्टपति ने दावा किया कि मॉस्को एवं बीजिंग के संबंध इससे पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे। इससे भारत के कान खड़े हो गए। उसे लगा कि मॉस्को-बीजिंग की बढ़ती निकटता से वह अलग-थलग पड़ जाएगा। लद्दाख इलाके में जून 2020 में हुई खूनी झड़पों में 20 भारतीय और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए थे और इसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।यह स्थिति दिल्ली को चुभी और चिंतित सरकार ने आनन-फानन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा का कार्यक्रम बनाया। आखिरकार रूस को भारत की जितनी जरूरत है, उससे कहीं ज्यादा जरूरत भारत को रूस की है। प्रतिरक्षा और तेल के लिए अभी भी भारत काफी हद तक रूस पर निर्भर है। रूस के लिए भारत वित्तीय दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों का आपसी व्यापार पिछले वर्ष करीब 65 अरब डॉलर था मगर इसमें ज्यादातर राशि रूस से निर्यात के भुगतान की है, जिसके नतीजे में भारत का व्यापार घाटा बहुत तेजी से बढ़ा है। इस बात पर मोदी ने भी 'गपशप' के दौरान चिंता जाहिर की।लेकिन 'गपशप' के दौरान सिर्फ मीठी-मीठी बातें ही नहीं हुईं, बल्कि इसमें तकरार के क्षण भी आए। आखिरकार युद्ध का दुष्प्रभाव भारत को भी झेलना पड़ा है। मोदी ने जल्दी से जल्दी उन भारतीयों को मुक्त कराने की मांग की, जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में शामिल होने के लिए बहलाया-फुसलाया गया था। अब तक इनमें से कम से कम चार की मौत युद्धक्षेत्र में हो चुकी है।

पुतिन ने वायदा किया कि सभी भारतीयों को रूसी सेना की सेवाओं से मुक्त करके वापिस स्वदेश भेज दिया जाएगा। मोदी की रूस की यह पहली दोपक्षीय विदेश यात्रा अमेरिका को पसंद नहीं आई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी से मॉस्को में यूक्रेन की अखंडता के मुद्दे पर जोर देकर बात करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने रूस से संबंधों को लेकर भारत से चिंता जाहिर की है।भारत इस समय किसी नट की तरह, दो खंभों के बीच बंधी रस्सी पर संतुलन बनाए रखकर चलने की कोशिश कर रहा है। वो दोनों पक्षों से पूरा-पूरा लाभ हासिल करना चाहता है। वह अमेरिका और पश्चिम का सहयोगी बनना चाहता है। वह चाहता है कि पूरी दुनिया उसे विश्वगुरु माने। लेकिन जो गुरु अपने चेलों की गलतियों पर चुप्पी साध ले वह कैसा गुरु।इसमें कोई संदेह नहीं कि मोदी की रूस यात्रा शीत युद्ध के समय से जारी रणनीतिक संबंधों की ही एक कड़ी है। रूस और चीन की निकटता से नई दिल्ली में बेचैनी और चिंता उत्पन्न होना स्वाभाविक है। आने वाले समय में रूस और चीन की निकटता, भारत के लिए एक मुसीबत बन सकती है। पुतिन जरा सी भी झिझक के बिना बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं और आशंका कि वे रसायनिक और छोटे परमाणु हथियारों के जरिए और भी निर्दयतापूर्ण जुल्म ढा सकते हैं।

# किरोडी लाल मीणा प्रकरण कहीं वरिष्ठ और युवा नेताओं के बीच चल रही खींचतान का परिणाम तो नहीं

राजस्थान भाजपा में चल रही उठापटक पर पार्टी नेतृत्व की नजर बनी हुई है और बताया जा रहा है कि जल्द ही कोई सर्वमान्य फॉर्मूला निकाल कर सबकी नाराजगी दूर की जा सकती है। हम आपको बता दें कि सात महीने पुरानी भजन लाल शर्मा सरकार तब मुश्किल में नजर आई जब हाल ही में कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने बताया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। किरोडी लाल को मनाने का प्रयास मुख्यमंत्री ने किया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मगर बात नहीं बनी। अब किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे का मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुलझाएंगे। संभवतः इस सप्ताह के अंत तक यह मामला सुलझ जाने के आसार बताये जा रहे हैं।किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर राजस्थान में तमाम तरह की कयासबाजियां भी चल रही हैं। विपक्ष जहां इसे भाजपा के अंदरूनी घमासान के तौर पर देख रहा है वहीं राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रेशर पॉलिटिक्स है। हालांकि खुद किरोडी लाल मीणा कह चुके हैं कि उनकी संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। लेकिन फिर भी उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। पहले कहा गया कि वह अपने लिए सरकार में उपमुख्यमंत्री पद चाहते हैं तो अब कहा जा रहा है कि किरोडी किरोड़ी लाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा के लिए दौसा संसदीय सीट से टिकट चाहते थे लेकिन पार्टी ने उनकी बात नहीं सुनी।

हम आपको बता दें कि भाजपा ने दौसा से कन्हैया लाल मीणा को टिकट दिया था जोकि चुनाव हार गये। बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा इस बात के लिए भी नाराज हैं कि दौड़ में होने और योग्य तथा अनुभवी होने के बावजूद उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। यही नहीं, उनसे उम्र तथा अनुभव में काफी छोटे नेताओं को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बना दिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा को इस बात की भी नाराजगी है कि उन्हें कृषि विभाग तो दिया गया लेकिन अक्सर उसके साथ ही मिलने वाले ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग को उनके तथा एक अन्य मंत्री मदन दिलावर के बीच विभाजित कर दिया गया। किरोडी लाल मीणा इस्तीफा वापस लेंगे या नहीं, इन अटकलों के बीच उनकी पत्नी तथा पूर्व मंत्री गोलमा देवी का भी बयान सामने आ गया है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में नीति आयोग में केंद्रीय बजट से पहले अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।



समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन और बेटी श्वेता बच्चन के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचीं।



बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई बेंगलुरु में एबीआर लेआउट में सुल्तान डायमंड्स के उद्घाटन के अवसर पर।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर जिले में एक राहत शिविर में बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलते समय एक बच्चे को गोद में लिए हुए हैं।



उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में सूर्या कमांड (भारतीय सेना) के जवान भारी बारिश के बाद बाढ़ राहत अभियान के दौरान निकासी के दौरान ग्रामीणों की सहायता करते हुए।



मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को गोद में लिए हुए हैं।



मुंबई में अपनी आगामी फिल्म ककुड़ा के प्रमोशनल इवेंट के दौरान अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा।

# बद्रीनाथ राजमार्ग बंद, दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर आया बाढ़ का पानी, बिहार में वज्रपात से 20 की मौत

**नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



उत्तर भारत में पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी वर्षा के कारण परेशानी बनी हुई है। पहाड़ों में जहां वर्षा के साथ हुए भूस्खलन के कारण बद्रीनाथ राजमार्ग 72 घंटे से बंद है। वहीं, सड़कों और चारधाम के विभिन्न पड़ावों पर 2800 यात्री फंसे हुए हैं।दूसरी ओर उत्तराखंड में शारदा व राप्ती नदियों में उफनाने से शाहजहांपुर के 70 से अधिक गांव और जिले का मेडिकल कालेज जलमग्न हो गए। वहीं, बिहार में भी वर्षा और नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में पानी भर गया है। उप्र और बिहार में वज्रपात से भी गुरुवार को 26 लोगों की मौत हो गई।उत्तराखंड के जोशीमठ के पास अवरुद्ध बद्रीनाथ राजमार्ग तीन दिन बाद भी नहीं खुल पाया है। इस कारण मार्ग के दोनों तरफ 2,800 से अधिक यात्री फंसे हुए हैं। बुधवार को इन यात्रियों ने वाहनों में और विभिन्न पड़ावों पर रात गुजारी। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब, सेना, व्यापारी और स्थानीय निवासी यात्रियों के लिए भोजन का प्रबंध कर रहे हैं।फिलहाल, एसडीआरएफ की मौजूदगी में गुरुवार को 500 से अधिक यात्रियों की पैदल सुरक्षित आवाजाही कराई गई। राजमार्ग बाधित होने से जोशीमठ विकासखंड में उपचुनाव कराने गई 15 पोलिंग पार्टी भी 12 घंटे तक अपने-अपने बूथ में फंसी रहीं। चार पोलिंग पार्टी को हेलीकॉप्टर से गोपेश्वर लाया गया। मार्ग बंद होने से दूध, पेट्रोल, गैस सिलेंडर समेत अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित हो गई है।बीआरओ कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने बताया कि हमारा प्रयास है कि शुक्रवार को यातायात सुचारु हो जाए। वहीं, रास्ता खेलने में जुटे 12 श्रमिक और एसडीआरएफ की टीम गुरुवार दोपहर को पहाड़ी से भूस्खलन होने से बाल-बाल बच गई।

इस दौरान दो श्रमिकों को हल्की चोट आई है। उप्र में गुरुवार को दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी तीन फीट तक पानी भर गया है। राहत कार्य में एनडीआरएफ और पीएसी की टीमें लगाई गई हैं। वहीं, शारदा व राप्ती नदियों के उफनाने और पीलीभीत के दियूनी डैम से छोड़े पानी से गर्रा नदी उफना गई, जिससे शाहजहांपुर के 70 से अधिक गांव और जिले का मेडिकल कालेज जलमग्न हो गए। यहां से मरीजों को शिफ्ट किया जा रहा है।गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों में पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वहीं, वज्रपात से भी छह लोगों की मौत हुई है। सीएम योगी ने गुरुवार को श्रावस्ती व बलरामपुर में कहा कि पीड़ितों और जान गंवाने वालों के स्वजन को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश के 12 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं।

इसमें 33 तहसीलों के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नेपाल के पानी से पूर्वांचल के जिलों में असमय बाढ़ आई है।बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ने से परेशानी बनी हुई है। वहीं, वज्रपात की चपेट में आने से 20 लोगों की मौत हो गई। खगड़िया व मधेपुरा में कोसी उफना रही है। वहीं, पश्चिम चंपारण में गंडक सहित अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।

नदियों का जलस्तर बढ़ने से आसपास के कई गांवों में पानी भर गया। वहीं, गंडक के कटाव से आधा दर्जन घर नदी में समा गए। मुंगेर में गंगा के जलस्तर में प्रति घंटे एक सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है। कटिहार में महानंदा का जलस्तर गुरुवार को लाल निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर रहा। मधुबनी में कमला बलान नदी लगातार तीसरे दिन खतरे के निशान से 1.55 मीटर ऊपर बह रही है।

**10 साल के बेटे ने कोर्ट में दी गवाही**

## पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को मिली आजीवन कारावास की सजा



**बरेली, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

मीरगंज के छह साल पुराने हत्या के मामले में अदालत ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वारदात की रिपोर्ट मृतक की भाभी ने मीरगंज में लिखाई थी। जटपुरा उर्फ मुगलपुर थाना फतेहगंज पश्चिमी निवासी जगदीश का परिवार हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करता था। गांव का ही सोरन सिंह भी वहां मजदूरी करने पहुंच गया। मृतक के 10 साल के बेटे ने कोर्ट में गवाही दी कि उसकी मां मीना देवी, पिता जगदीश व अंकल सोरन सिंह के साथ सभी भाई बहन हिमाचल प्रदेश गए थे। 7 जुलाई 2018 को मीना देवी व सोरन सिंह उसके पिता जगदीश को हिमाचल प्रदेश से खेत में खड़े पेड़ बचने के बहाने बुलाकर लाए। तीन दिन बाद मीना ने वापस लौट कर बच्चों को पिता के बारे में कुछ नहीं बताया। अगले दिन मीना ने अपनी सहेली को बताया कि जगदीश मर गया है। अब वह बच्चों को साथ लेकर गांव जाएगी। 11 जुलाई 2018 को जगदीश की लाश मीरगंज के खेत में पड़ी मिली।

मृतक के पेट से आंतें बाहर निकल आई थीं और लाश में कीड़े पड़ गए थे। सरकारी वकील हेमेंद्र गंगवार ने अदालत में नौ गवाह पेश किए। अपर सेशन जज-तृतीय राकेश त्रिपाठी ने दोषी पत्नी मीना व उसके प्रेमी सोरन सिंह को आजीवन कारावास की सजा के साथ 40 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है।

## मेरी बीवी प्रेमी के साथ लिव-इन में रहती है, युवक ने गायिका पत्नी के खिलाफ थाने में की शिकायत

**लखनऊ, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

गोमतीनगर विस्तार थाने में पति ने गायिका पत्नी पर हत्या की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पति के लगाए आरोपों की जांच कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसकी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पति ने बताया कि वह चालक है। नौ वर्ष पहले विवाह हुआ था। पत्नी गायिका बनना चाहती थी। ज्योति गायिका बनना चाहती थी। इसके लिए पांच लाख रुपये लगाकर स्टूडियो बनवाया।आरोप है कि पत्नी प्रसिद्ध होने पर एक व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध हो गया। मार्च 2024 में ज्योति सारा सामान लेकर घर से चली गई। उन्होंने तलाश की पता चला कि गोमतीनगर विस्तार में प्रेमी के साथ लिव-इन में रह रही है।पीड़ित के अनुसार, वह वहां पहुंचा और घर चलने के लिए कहा तो प्रेमी ने मारपीट शुरु कर दी। यही नहीं बंदूक तान कर जान से मारने की धमकी दी। दोनों मिलकर उसे मारने की साजिश रच रहे हैं। पीड़ित अरविंद ने बताया कि ज्योति को सफल बनाने के लिए अपनी सारी पूंजी लगा दी। अब वह धोखा दे रही है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि पत्नी के बयान दर्ज कराए गए हैं। उसने बताया कि शराब पीकर मारपीट करते हैं। उनके साथ नहीं रह सकती है।

### कर्नाटक में लोकायुक्त की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 11 अधिकारियों के पास मिली आय से अधिक संपत्ति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। लोकायुक्त अधिकारियों ने गुरुवार को राज्य भर में 56 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पाया कि 11 सरकारी अधिकारियों और इंजीनियरों ने 45.14 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक है।सुबह-सुबह लगभग 100 अधिकारियों ने इन सरकारी अधिकारियों के खिलाफ नौ जिलों में एक साथ छापेमारी की। लोकायुक्त कार्यालय के अनुसार, गुरुवार को मारे गए छापे में शेखर गौड़ा कुराडगी के पास उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक 7.88 करोड़ रुपये की सबसे अधिक संपत्ति पाई गई।जिन अधिकारियों के पास आय से अधिक संपत्ति के रूप में पांच करोड़ रुपये से अधिक मिला उनमें उमेश, रवींद्र, केजी जगदीश और शिवराजू शामिल हैं।

## खतरे में आईएएस पूजा की उम्मीदवारी! प्रमाण पत्रों की जांच के लिए पैनल का गठन, केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

**मुंबई, 12 जुलाई [एजेंसी]।**



अपनी ऑडी कार में नियम विरुद्ध लाल बत्ती लगाकर चलने वालीं महाराष्ट्र की विवादित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की परेशानी और बढ़ सकती है। उन्होंने पुणे से स्थानांतरण के बाद नए जिले वाशिम में अपना कार्यभार संभाल लिया है, लेकिन अब अतीत में की गई उनकी कारगुजारियां सामने आने लगी हैं। उन पर फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने का गंभीर आरोप है।केंद्र ने उनकी उम्मीदवारी के दावों और अन्य विवरणों की जांच के लिए गुरुवार को एक सदस्यीय पैनल का गठन किया है। उन पर गलत ढंग से दिव्यांगता और ओबीसी कोटा हासिल कर लाभ लेने के आरोप लगे हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के एक अतिरिक्त सचिव उनकी दिव्यांगता और ओबीसी प्रमाण पत्र की जांच करेंगे। पूजा के नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी श्रेणी के तहत यूपीएससी की परीक्षा देने पर सवाल उठ रहे हैं। पूजा ने 2019 में यही परीक्षा सामान्य श्रेणी में दी थी। तब उनके अच्छे नंबर नहीं आए थे। 2022 में उन्होंने नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी श्रेणी के तहत परीक्षा दी। इस विशेष श्रेणी के तहत परीक्षा देने पर भी आईएएस के रूप में उनका चयन न हो पाता, क्योंकि उस वर्ष इसी श्रेणी के तहत अंतिम रैंकिंग 434 थी, लेकिन पूजा ने शारीरिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र देकर यह बाधा भी बार कर ली। यहां तक कि आईएएस अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य मेडिकल जांच कराने से भी कतराती रहीं। वह छह बार इस जांच से कन्नी काट गईं। जबकि, 2019 में यूपीएससी की परीक्षा देते समय उन्होंने शारीरिक दिव्यांगता का प्रमाणपत्र नहीं दिया था।अब उनकी इन सारी करतूतों पर सवाल उठाए जा रहे हैं और कार्रवाई भी शुरू हो गई है। अपनी निजी ऑडी कार पर लाल बत्ती एवं महाराष्ट्र शासन की पट्टी लगाने के कारण पुणे पुलिस ने उन पर 21,000 रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। उनकी अन्य गलतियों की जांच की मांग उठने लगी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा है कि उनके चयन में ही गड़बड़ी हुई है। एजेंसी में ही गड़बड़ है। पहले ही उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की ठीक से जांच होनी चाहिए थी। उन्होंने गलत प्रमाणपत्र देकर गलत फायदा उठाया है। इसकी जांच होनी चाहिए। उनके पिता ने हाल ही में वंचित बहुजन आघाड़ी के टिकट पर चुनाव लड़ते समय अपनी संपत्ति 40 करोड़ रुपये बताई थी। स्वयं पूजा खेडकर के पास भी 17 करोड़ की संपत्ति है। फिर भी उन्होंने ओबीसी की नॉन क्रीमी लेयर के तहत यूपीएससी परीक्षा दे दी, इस पर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि पूजा खेडकर प्रशिक्षु के रूप में पुणे जिलाधिकारी कार्यालय में तैनाती के दौरान अपनी ऑडी कार पर लाल बत्ती और महाराष्ट्र शासन की पट्टी लगाकर चलती थीं।उन्होंने अपने वरिष्ठ अपर जिलाधिकारी के एंटी चैंबर से उनका सामान बाहर निकलवाकर उस कक्ष पर कब्जा कर लिया था। वह अपने लिए आधिकारिक स्टाफ की मांग भी कर रही थीं। उनकी ये शिकायतें जिलाधिकारी डॉ. सुहास दिवसे द्वारा मुख्य सचिव से किए जाने के बाद उनका स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से अपेक्षाकृत छोटे जिले वाशिम में कर दिया गया है।

## संसद में आज होगा प्रचंड के भाग्य का फैसला, विश्वास मत प्रस्ताव पर मतदान से पहले विपक्ष ने जारी किया व्हिप



**काठमांडू, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के शुक्रवार को सदन में विश्वास मत का सामना करने से पहले नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने व्हिप जारी कर दिया है। दोनों पार्टियों ने अपने सांसदों से सदन में उपस्थित रहने और विश्वास मत प्रस्ताव में प्रचंड के विरुद्ध मतदान करने को कहा है। केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल ने पिछले सप्ताह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस ले लिया और गठबंधन सरकार बनाने के लिए नेपाली कांग्रेस के साथ समझौता किया है। संसद के निचले सदन में संख्या बल के लिहाज से प्रचंड की स्थिति कमजोर दिख रही है। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में नेपाली कांग्रेस के पास 89 तो सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सदस्य हैं। दोनों पार्टियों की संयुक्त शक्ति 167 है और यह संख्या बहुमत के लिए आवश्यक 138 से काफी आगे है। प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के पास 32 सांसद हैं। विश्वास पर मतदान में प्रचंड को 63 के आसपास ही मत मिल सकते हैं। ऐसे में शुक्रवार को विश्वासमत में प्रचंड का पराजित होना तय माना जा रहा है।सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने प्रधानमंत्री प्रचंड से अलग होने और नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन सरकार बनाने के फैसले का बचाव किया है। ओली ने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता और विकास के लिए यह आवश्यक है।सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो शनिवार को ओली तीसरी बाद देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं और रविवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ले सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर 2015 और फरवरी 2018 में वह प्रधानमंत्री बने थे।

## सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाले मणिपुर के पहले जज होंगे जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह, कॉलेजियम ने की दो जजों की पदोन्नति की सिफारिश

**नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीधों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति दिए जाने की सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पदोन्नति के लिए हाई कोर्ट के जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह और आर महादेवन के नामों की सिफारिश की है। नियुक्ति के बाद जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने वाले मणिपुर राज्य के पहले न्यायाधीश होंगे। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से उत्तर-पूर्व को प्रतिनिधित्व मिलेगा।जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह वर्तमान में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं, जस्टिस महादेवन मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।



सुप्रीम कोर्ट कलेजियम के अन्य सदस्य जस्टिस संजीव खन्ना, बी आर गवई, सूर्यकांत और हृषिकेश राय हैं। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सहित 34 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या है, वर्तमान में 32 न्यायाधीश हैं।

## गुजरात में 40 पदों के लिए पहुंचे 800 अभ्यर्थी भगदड़ जैसी स्थिति, कांग्रेस ने उठाए सवाल

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर में 40 पदों को भरने के लिए एक कंपनी द्वारा आयोजित वाक- इन इंटरव्यू में लगभग 800 अभ्यर्थी पहुंच गए। इस कारण भगदड़ जैसी स्थिति देखी गई।इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कतार में खड़े उम्मीदवार उस होटल के प्रवेश द्वार तक जाने वाले रैंप पर पैर रखने की कोशिश करते हुए धक्का-मुक्की करते हुए नजर आ रहे थे जिस होटल में इंटरव्यू आयोजित किया गया था। रैंप की रेलिंग गिर गई, जिससे कई उम्मीदवार गिर गए, हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। मंगलवार को हुई इस घटना के बाद विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस ने कहा कि इसने गुजरात मॉडल को उजागर कर दिया है, वहीं भाजपा ने कहा कि कांग्रेस वीडियो के माध्यम से राज्य को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।भरूच के पुलिस अधीक्षक मयूर चावड़ा ने कहा, हमारी जानकारी के अनुसार एक कंपनी ने लगभग 40 रिक्तियों के लिए वाक-इन इंटरव्यू की व्यवस्था की थी।

## इस देश के राष्ट्रपति ने पूरी कैबिनेट को किया बर्खास्त

**नैरोबी, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

केन्याई राष्ट्रपति विलियम रुटो ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों की श्रृंखला के बाद अपने लगभग पूरे मंत्रिमंडल को बर्खास्त कर दिया है। रूटो ने पुष्टि की कि केवल उप राष्ट्रपति रिगाथी गचागुआ और प्रधानमंत्री कैबिनेट सचिव मुसालिया मुदवादी ही अपने-अपने पदों पर बने हुए हैं।उन्होंने स्टेट हाउस नैरोबी से संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय उनके मंत्रिमंडल के चिंतन और समग्र मूल्यांकन के बाद लिया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि हमने जो प्रगति की है, उसके बावजूद मैं इस बात से पूरी तरह अवगत हूं कि केन्या के लोगों को मुझसे बहुत अधिक उम्मीदें हैं और उनका मानना है कि यह प्रशासन हमारे देश के इतिहास में सबसे व्यापक परिवर्तन कर सकता है। मई में करों में वृद्धि और केन्या के भारी कर्ज को कम करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किए जाने के बाद, देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर देखी गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया कि केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दर्ज किए गए अनुसार, जून में पुलिस के साथ झड़पों में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई।मानवाधिकार पर्यवेक्षकों और कई कार्यकर्ताओं (जिनमें से पांच ने अपने अनुभव बताए हैं) ने खुलासा किया है कि कार्यकर्ताओं, चिकित्सा कर्मियों और सोशल मीडिया प्रभावितों सहित कम से कम 32 व्यक्तियों को या तो अपहरण कर लिया गया या बिना किसी कारण के हिरासत में लिया गया।



हाल ही में, एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने इन घटनाओं की निंदा करते हुए इन्हें अपहरण बताया और पुलिस और राष्ट्रीय खुफिया सेवा (जिसकी देखरेख राष्ट्रपति करते हैं) को संवैधानिक उल्लंघनों का हवाला देते हुए ऐसी कार्रवाइयों को रोकने का आदेश दिया।

## महाराष्ट्र में MLC चुनाव से पहले सभी दलों को सता रहा क्रॉस वोटिंग का डर! 11 सीटों के लिए मैदान में हैं 12 उम्मीदवार



**मुंबई , 12 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में शुक्रवार को होने वाले विधान परिषद चुनाव से पहले राजनीतिक दलों ने अपने विधायकों को होटलों में ठहराया है। उन्हें क्रॉस वोटिंग का भय है। इस चुनाव में 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव से पहले बैठकों के दौर के साथ ही रात्रिभोज का आयोजन भी हुआ। विधानसभा सदस्य दक्षिण मुंबई के विधान भवन परिसर में एकत्र होंगे, जहां सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा।

वोटों की गिनती शाम पांच बजे की जाएगी। राज्य विधानमंडल के ऊपरी सदन के ग्यारह सदस्य 27 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन्हीं रिक्तियों को भरने के लिए ये चुनाव हो रहे हैं। राजनीतिक दल अपने विधायकों को एक साथ रखने के लिए चुनाव से पहले उनके लिए रात्रिभोज आयोजित कर रहे हैं और उन्हें होटलों में ठहरा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से तीन माह पहले विधान परिषद चुनाव हो रहे हैं। महाविकास आघाड़ी (एमवीए) में शामिल कांग्रेस के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने अपनी पार्टी के विधायकों के लिए गुरुवार को शहर के एक होटल में रात्रिभोज का आयोजन किया। कांग्रेस ने अपने विधायकों को व्हिप जारी कर पार्टी के निर्देश के अनुसार वोट करने को कहा है। कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, पार्टी के सभी विधायकों के लिए एमवीए उम्मीदवारों को वोट देना अनिवार्य है।

एमवीए में शामिल शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार रात मध्य मुंबई के एक पांच-सितारा होटल में अपने विधायकों के साथ रात्रिभोज पर बातचीत की थी। पार्टी के 11 विधायकों ने रात्रिभोज में भाग लिया और वे होटल में ही ठहरे। गुरुवार को शेष चार विधायक भी उनके साथ शामिल हो गए।उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी अपने विधायकों को हवाई अड्डे के पास एक पांच-सितारा होटल में ठहराया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के विधायक बुधवार सुबह बैठक के लिए विधान भवन में जमा हुए। इसके बाद बांद्रा के एक पांच-सितारा होटल में चले गए।भाजपा विधायक दल की एक बैठक बुधवार रात को विधान भवन परिसर में हुई। पार्टी विधायक वहां से एक पांच-सितारा होटल चले गए। एमवीए में शामिल राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने अपने विधायकों पर भरोसा जताया है। उसने अपने विधायकों को होटल में नहीं भेजा है।

## किसी और से शादी कर रहे प्रेमी ने नहीं उठाया फोन, घर पहुंच गई प्रेमिका तो फिर जो हुआ



**कानपुर, 12 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रेमी के किसी और युवती से शादी करने की जानकारी मिलने पर प्रेमिका समाजसेवी संस्था की महिलाओं के साथ एक दिन पहले उसके घर पहुंच गई। हंगामा करने पर प्रेमी के परिजनों ने उसे भगा दिया, जिसके बाद पीड़िता ने गुरुवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के मुताबिक, बर्रा थाना क्षेत्र निवासी युवती चार साल पहले एक शादी में क्षेत्र के युवक से मुलाकात हुई थी। युवती ने बताया कि इसके बाद दोनों में प्रेम प्रसंग हुआ और युवक ने उससे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिनों से युवक ने फोन उठाना बंद कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि गुरुवार को वह उन्नाव बांगरमऊ की युवती से शादी कर रहा है। इस पर बुधवार को प्रेमिका समाज सेवी संस्था की महिलाओं को लेकर उसे घर पहुंच गई, जहां काफी देर बहस और हंगामा हुआ।आरोप है कि प्रेमी के परिजनों ने उन लोगों को धमकी देकर भगा दिया। गुरुवार को प्रेमिका बर्रा थाने पहुंचे और तहरीर दी। बर्रा थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# ऐसे करें देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा



यह भी मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया था इसलिए उसी दिन से आरम्भ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं।

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इसे पद्मनाभा तथा हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु चार मास के लिए बलि के द्वार पर पाताल लोक में निवास करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को लौटते हैं। इसी दिन से चौमासे का आरम्भ माना जाता है। इस दिन से भगवान विष्णु चार मास के लिए क्षीरसागर में शयन करते हैं। इसी कारण इस एकादशी को %हरिशयनी एकादशी तथा कार्तिक शुक्ल एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी कहते हैं।

मान्यता है कि इन चार महीनों में भगवान विष्णु के क्षीरसागर में शयन करने के कारण विवाह आदि कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता। धार्मिक दृष्टि से यह चार मास भगवान विष्णु का निद्रा काल माना जाता है। इन दिनों में तपस्वी भ्रमण नहीं करते, वे एक ही स्थान पर रहकर तपस्या करते हैं। इन दिनों केवल ब्रज की यात्रा की जा सकती है, क्योंकि इन चार महीनों में भू-मण्डल के समस्त तीर्थ ब्रज में आकर निवास करते हैं।

## देवशयनी एकादशी से जुड़ी पौराणिक मान्यता

यह भी मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया था इसलिए उसी दिन से आरम्भ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। यह भी कहा जाता है कि भगवान हरि ने वामन रूप में दैत्य बलि के यज्ञ में तीन पग दान के रूप में मांगे। भगवान ने पहले पग में संपूर्ण पृथ्वी, आकाश और सभी दिशाओं को ढक लिया। अगले पग में सम्पूर्ण स्वर्ग लोक ले लिया। तीसरे पग में बलि ने अपने आप को समर्पित करते हुए सिर पर पग रखने को कहा। इस प्रकार के दान से भगवान ने प्रसन्न होकर उसे पाताल लोक का अधिपति बना दिया और वर मांगने कहो कहा। बलि ने वर मांगते हुए कहा कि भगवान आप मेरे महल में नित्य रहें। बलि के इस वर से लक्ष्मी जी सोच में पड़ गयीं और उन्होंने बलि को भाई बना लिया और भगवान को वचन से मुक्त करने का अनुरोध किया। कहा जाता है कि इसी दिन से भगवान विष्णु जी द्वारा वर का पालन करते हुए तीनों देवता 4-4 माह सुतल में निवास करते हैं। भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से देवउठानी एकादशी तक, भगवान शिव महाशिवरात्रि तक और भगवान ब्रह्मा जी शिवरात्रि से देवशयनी एकादशी तक निवास करते हैं।

श्रद्धालुओं को चाहिए कि इस दिन उपवास करके श्री हरि विष्णु की सोना, चांदी, तांबा या पीतल की मूर्ति बनवाकर उसका षोडशोपचार सहित पूजन करके पीताम्बर आदि से विभूषित कर सफेद चादर से ढके गद्दे तकिये वाले पलंग पर उसे शयन कराना चाहिए। तत्पश्चात व्रत कथा सुननी चाहिए। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण करें।

## देवशयनी एकादशी व्रत कथा

एक बार देवऋषि नारदजी ने ब्रह्माजी से इस एकादशी के विषय में जानने की उत्सुकता प्रकट की, तब ब्रह्माजी ने उन्हें बताया कि सतयुग में मान्धाता नामक एक चक्रवर्ती सम्राट राज्य करते थे। उनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी। राजा इस बात से अनभिज्ञ थे कि उनके राज्य में शीघ्र ही भयंकर अकाल पड़ने वाला है। उनके राज्य में तीन वर्ष तक वर्षा न होने के कारण भयंकर अकाल पड़ा। इससे चारों ओर त्राहि त्राहि मच गई। धर्म पक्ष के यज्ञ, हवन, पिण्डदान, कथा व्रत आदि सबमें कमी हो गई। दुखी राजा सोचने लगे कि आखिर मैंने ऐसा कौन-सा पाप किया है जिसका दण्ड पूरी प्रजा को मिल रहा है। फिर इस कष्ट से मुक्ति पाने का उपाय खोजने के लिए राजा सेना को लेकर जंगल की ओर चल दिए। वहां वह ब्रह्माजी के पुत्र अंगिरा ऋषि के आश्रम में पहुंचे और उन्हें प्रणाम कर सारी बातें बताईं। उन्होंने ऋषिवर से समस्याओं के समाधान का तरीका पूछा तो ऋषि बोले- राजन! सब युगों से उत्तम यह सतयुग है। इसमें छोटे से पाप का भी भयंकर दण्ड मिलता है। ऋषि अंगिरा ने कहा कि आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत करें। इस व्रत के प्रभाव से अवश्य ही वर्षा होगी। राजा अपने राज्य की राजधानी लौट आए और चारों वर्णों सहित पद्मा एकादशी का पूरी निष्ठा के साथ व्रत किया। व्रत के प्रभाव से उनके राज्य में मूसलाधार वर्षा हुई और अकाल दूर हुआ तथा राज्य में समृद्धि और शांति लौटी इसी के साथ ही धार्मिक कार्य भी पूर्व की भांति आरम्भ हो गये।

# कावंड़ यात्रा के दौरान गलती से भी न करें ये काम, रुष्ट हो जाएंगे भगवान शिव

सावन का महीना 22 जुलाई से शुरु हो रहा है। सावन के महीने में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव महज जलाभिषेक से ही प्रसन्न हो जाते हैं। मान्यता के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ गलतियों करने से महादेव नाराज हो जाते हैं। श्रावण माह भगवान शिव का प्रिय महीना है। सावन का महीना देवों के देव महादेव को समर्पित है। इस महीने में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करने का विधान है। वहीं शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा की शुरुआत होती है। सावन के महीने में शिव भक्तों में भरपूर उल्लास और उत्साह देखने को मिलता है। कांवडियां हरिद्वार से गंगाजल लाकर सावन शिवरात्रि पर अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में विराजमान शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं।

## कांवड़ यात्रा के नियम

कावड़ यात्रा के दौरान कांवड़ को जमीन पर नहीं रखनी चाहिए। अगर आपको विश्राम या शौच आदि कार्य के लिए रूकना पड़े, तो कांवड़ को ऊंचे स्थान पर रखें।

बिना स्नान करें कांवड़ का छूना मना है।

कांवड़ यात्रा के दौरान मांस, मदिरा और तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। भक्ति भाव के साथ यात्रा करनी चाहिए। किसी के प्रति मन से गलत विचार धारण नहीं करना चाहिए।

## कब से शुरु हो रहा है सावन

हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ पूर्णिमा 21 जुलाई को पड़ रही है। इसके अगले दिन यानी 22 जुलाई से सावन का महीना शुरु होगा। साथ ही इसका समापन 19 अगस्त 2024 को होगा। 22 जुलाई 2024 से कांवड़ यात्रा शुरु होगी और इसका समापन 02 अगस्त 2024 यानी सावन शिवरात्रि के दिन होगा।







# अचानक से सुनाई देना हुआ बंद कहीं आप भी सेंसरी न्यूरल हियरिंग लॉस के मरीज तो नहीं? जानें इसके लक्षण

उम्र के साथ-साथ सुनने की क्षमता कम होने लगती है. लेकिन 60 से 70 उम्र वाले लोगों को अक्सर सुनाई कम देने की समस्या होती है. लेकिन कई बार दूसरी बीमारी के कारण भी लोगों को कम सुनाई देने की समस्या होने लगती है. हाल ही में मशहूर सिंगर अल्का याग्निक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया था. जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें अचानक से सुनाई देना बंद हो गया है.

अल्का याग्निक ने बताया कि वह सेंसरी न्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही है. हम इस आर्टिकल में आपको बताएंगे कि आखिर इस बीमारी किस कारण से होती है. और कैसे इससे बच सकते हैं.

कोविड के इफेक्ट की वजह से अलका की हियरिंग पावर हुई प्रभावित- मैनेजर नीरज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड के शुरुआत दौर में अलका याग्निक भी वायरस का शिकार हुईं थीं और डॉक्टर का कहना है कि उसी के इफेक्ट के तहत उन्हें वायरल अटैक आया था जिससे उनकी हियरिंग पावर प्रभावित हुई है. मैनेजर ने डॉक्टर के हवाले से यह भी बताया कि कोविड से जुड़े इस तरह के मामले और भी लोगों में देखे जा रहे हैं, जहां वो इस तरह के वायरल अटैक का शिकार होते हैं.

उम्र बढ़ने के कारण भी सुनाई देना कम या बिल्कुल बंद हो जाता है. इस बीमारी को प्रेस्बीक्यूसिस कहते हैं. दरअसल, उम्र बढ़ने के कारण दिमाग के प्रोसेस पर दबाव पड़ता है जिसके कारण सुनाई कम देने लगता है. सिर पर चोट लगने के कारण भी अचानक से सुनाई कम देने लगता है. इसकी कान के सेल्स अंदर से नष्ट हो जाते हैं. जिसे सेंसरिनुरल हियरिंग लॉस की समस्या कहते हैं. डायबिटीज- डायबिटीज की बीमारी कान के ब्लड सर्कुलेशन को काफी ज्यादा प्रभावित करती है. जिसके कारण सेंसरिनुरल हियरिंग लॉस की समस्या होती है. हाई बीपी- हाई बीपी के कारण कान के ब्लड वेसल्स को काफी ज्यादा नुकसान होका है. जिससे सुनने की क्षमता को काफी ज्यादा नुकसान होता है. वायरल इंफेक्शन- कण्ठमाला, खसरा, रूबेला, साइटोमेगालोवायरस (ष्टरूङ्क) और हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस के कारण कान में इंफेक्शन हो जाता है. जिससे सेंसोरिनुरल हियरिंग लॉस की समस्या होती है. सेंसोरिनुरल हियरिंग लॉस के कई कारण हो सकते हैं. जो लोग ज्यादा हेडफोन का इस्तेमाल करते हैं उन्हें भी यह समस्या जरूरी होती है. अगर आप एक घंटे से ज्यादा हेडफोन का इस्तेमाल करते हैं तो इन बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता है.

# टमाटर के आगे फेल हो जाएंगे सारे महंगे फेस प्रोडक्ट, ऐसे करें इस्तेमाल



चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए लोग कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन लाख कोशिश करने के बाद भी कुछ लोगों को चेहरे पर कोई असर नहीं दिखाई देता है. अगर आप भी अपने चेहरे को लेकर काफी परेशान रहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको ऐसी सब्जी के बारे में बताएंगे, जिसका चेहरे पर इस्तेमाल कर आप अपने चेहरे को ग्लोइंग, बेदाग और खूबसूरत बना सकते हैं. आइए जानते हैं उस सब्जी के बारे में.

**त्वचा के लिए टमाटर**

टमाटर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है. यही नहीं टमाटर का इस्तेमाल अगर त्वचा के लिए किया जाए, तो यह किसी नेचुरल खजाने से काम नहीं है. टमाटर में विटामिन सी, लाइकोपीन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को एक नहीं अनेक फायदे पहुंचाते हैं. आइए जानते हैं इसका इस्तेमाल करने का सही तरीका.

**टमाटर और शहद का फेस पैक**- टमाटर का इस्तेमाल चेहरे पर करने के लिए आप टमाटर को कद्दूकस कर उसमें शहद मिलाकर अपने चेहरे पर लगा सकते हैं. इससे पिंपल्स जैसी परेशानियां दूर होगी, क्योंकि शहद में कई गुण मौजूद होते हैं, जो कील, मुंहासे को दूर करने में मदद करते हैं.

टमाटर और दही का फेस पैक

आप टमाटर और दही का फेस पैक भी बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए एक कटोरी में टमाटर का रस निकले, फिर एक बड़ा चम्मच उसमें दही मिला दे. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 15 से 20 मिनट के लिए लगाएं, फिर ठंडे पानी से चेहरा धो लें. इससे ओपन पोर्स की समस्या खत्म होगी.

**टमाटर और बेसन का स्क्रब**- आप टमाटर और बेसन का स्क्रब भी तैयार कर सकते हैं. इसे बनाने के लिए एक बड़ा चम्मच टमाटर का रस उसमें एक छोटा चम्मच बेसन दोनों को अच्छी तरह मिलाकर हल्के हाथों से 5 से 10 मिनट तक अपने चेहरे पर मसाज करें, फिर ठंडे पानी से चेहरा धो लें. इससे डेड स्किन सेल्स हटाने में मदद मिलती है.

**टमाटर का रस**

अब टमाटर के रस का टोनर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं. आपको टमाटर के रस को एक स्प्रे बोतल में भरना होगा, फिर इसे अपने चेहरे पर स्प्रे कर 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दे. इसके बाद आप ठंडे पानी से अपना चेहरा धो लें. इससे चेहरा ग्लो करने लगेगा.

**पैच टेस्ट जरूर करें**

ध्यान रहे इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें. क्योंकि कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें. इसके अलावा टमाटर का रस चेहरे पर लगाते समय आंखों से बचाते हुए इसका इस्तेमाल करें, नहीं तो आंख संबंधित समस्याएं हो सकती है.



# सीरत कपूर ने अपनी मनमोहक मुस्कान से सबको किया मंत्रमुग्ध

सीरत कपूर अपनी आकर्षक मुस्कान से सभी को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। सीरत कपूर इस अगस्त में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगी - अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को लुभाने का एक दशक। 2014 में रन राजा रन से अपनी शुरुआत करने के बाद से, सीरत ने लगातार यादगार प्रदर्शन किए हैं, जिससे फिल्म उद्योग में एक बहुमुखी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। इस जून में रिलीज़ हुई मानमे में अपने डेब्यू को-स्टार शारवानंद के साथ उनकी हालिया मुलाकात ने प्रशंसकों के उत्साह को फिर से जगा दिया है और उनकी बढ़ती सफलता को और मजबूत किया है। सीरत का सफ़र सिल्वर स्क्रीन से आगे तक फैला हुआ है, जिसमें विवेल, एंगेज कोलोन स्प्रे, अपोलो टायर्स, महिंद्रा गुस्टो और इंटेक्स जैसे प्रमुख ब्रांडों के प्रभावशाली ब्रांड एंडोर्समेंट शामिल हैं। ये उद्यम उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विपणन क्षमता को रेखांकित करते हैं, जिससे उन्हें एक लोकप्रिय ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्थापित किया जाता है।

वर्तमान में, सीरत दिल राजू के प्रोडक्शन के तहत एक प्रमुख फिल्म प्रोजेक्ट में सक्रिय रूप से शामिल हैं, साथ ही ओटीटी सीरीज़ भामकलापम 2 में उनकी आकर्षक उपस्थिति भी है। उनकी ऑन-स्क्रीन सफलता उनकी बढ़ती ऑनलाइन उपस्थिति से झलकती है, जहाँ वह प्रशंसकों को अपने जीवन और काम के बारे में बताती रहती हैं।

उनके हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट काफी चर्चा बटोर रहे हैं, जो प्रशंसकों और उद्योग के पेशेवरों दोनों को आकर्षित कर रहे हैं। एक विशेष रूप से आकर्षक पोस्ट में, सीरत एक चमकदार सुनहरी पोशाक में चमक रही हैं। स्लीवलेस, फिटेड ड्रेस उनके टोंड फिजिक को उभारती है और उनकी चमकदार त्वचा की टोन को पूरक बनाती है। आर्टिस्ट्रीबायक्री द्वारा स्टाइल किए गए उनके घुंघराले बाल, एक विशाल और चंचल स्पर्श जोड़ते हैं, जो समग्र आकर्षण को बढ़ाते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -114

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मम, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# सड़कों के आसपास मौजूद आवारा पशुओं से हो रही घटनाएं, कोर्ट ने मांगा जवाब



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में आवारा कुत्तों और गाय को रोड पर होने के कारण पेश किए गए जनहित याचिका की सुनवाई 8 जुलाई 2024 को की गई. इस याचिका में चिरमिरी निवासी राजकुमार मिश्रा हस्तक्षेप याचिकाकर्ता है दूसरे अन्य अधिवक्ताओं के साथ हस्तक्षेप याचिकाकर्ता राजकुमार मिश्रा को भी व्यक्तिगत रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना गया।

आवारा पशुओं के निराकरण और व्यवस्थित किये जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल के न्यायालय में सुनवाई हुई. इस सुनवाई में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति पशुओं के सड़क पर होने उनके कारण दुर्घटनाएं होने, जिससे पशुओं का मृत्यु होना और वाहन चालकों का मृत्यु और दूसरे अन्य तरह से चोटिल होने के संबंध में बड़े चिंतित नजर आए. उनके बातों में स्थाई रूप से कुछ न कर पाने की पीड़ा साफ दिखाई दे रहा था। बता दें कि मुख्य न्यायमूर्ति के न्यायालय से आवारा पशुओं के संबंध में पूर्व में कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश एवं आदेश जारी किए गए हैं यथासंभव राज्य सरकार इसका पालन भी कर रही है किंतु यह समस्या आम जनता के सहयोग के बिना पूरा होता नजर नहीं आ रहा है. उन्होंने अपने आदेश में इस सुनवाई के पूर्व ही 7 जुलाई 2024 को टाइम्स आफ इंडिया में छपे 15 गाय की मृत्यु और तीन लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने का उल्लेख किया है. 8 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्याय मूर्ति के अगुवाई वाली खंडपीठ से इस प्रकार आदेश पारित किया गया है. इस न्यायालय द्वारा पारित 09.04.2024 के आदेश के अनुपालन में, राज्य ने 04.07.2024 को एक हलफनामा दायर किया है, जिसकी पुष्टि अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच सर्कल, जिला-बिलासपुर द्वारा की गई है, जिसे तत्काल संदर्भ के लिए नीचे उद्धृत किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव द्वारा 27.06.2024 को एक संयुक्त बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सचिव, लोक निर्माण विभाग, सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, संचालक, पशुपालन, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण तथा कलेक्टर, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ एवं कोरबा उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग पर आवारा पशुओं की समस्या, दुर्घटनाओं को रोकने एवं सड़कों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा की गई। सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य की महत्वपूर्ण सड़कों को विभिन्न खंडों में विभाजित किया गया है. 27.06.2024 की बैठक में सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने, सड़कों के खंडों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने पर जोर दिया गया। सड़कों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए राज्य में सड़कों के 7 खंड चिह्नित किए गए हैं तथा प्रत्येक सड़क खंड के लिए कार्य पर चर्चा की गई है. यह उल्लेख करना समीचीन होगा कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए सड़कों का निरंतर निरीक्षण एवं निगरानी की जाएगी तथा प्रत्येक विभाग को अपनी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने तथा आवारा पशुओं की संख्या को न्यूनतम करने के लिए उक्त मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त हलफनामे के अवलोकन से हम पाते हैं कि यद्यपि आवारा पशुओं की समस्या को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं, तथा इस समस्या को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यद्यपि इस न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शहरों के राजमार्गों और सड़कों पर आवारा पशुओं के बैठने/आने की समस्या को रोकने के लिए नियमित अंतराल पर आदेश पारित किए गए हैं और संबंधित हितधारकों द्वारा प्रयास भी किए गए हैं, लेकिन हाल ही में, 7 जुलाई, 2024 को प्रकाशित समाचार में देखा गया है कि तिल्दा ब्लॉक के किरना क्षेत्र में अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना में 15 गायों की मौत हो गई और 3 घायल हो गईं और ग्रामीणों ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया। याचिकाकर्ता के एक वकील द्वारा उक्त समाचार क्लिपिंग इस न्यायालय के समक्ष पेश की गई. इसके अलावा यह भी देखा गया है कि बारिश के मौसम के कारण आवारा गायें सड़कों और राजमार्गों पर बैठी रहती हैं और पशुओं के साथ-साथ सड़कों पर जाने वाले मनुष्यों की मृत्यु को रोकने के लिए हितधारकों द्वारा जो कदम उठाए गए हैं, वे अधिक प्रभावी नहीं पाए हैं. इसे देखते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि राज्य के मुख्य सचिव पूरे राज्य के जिलों के सभी हितधारकों को आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करेंगे, जिसमें राज्य/जिला प्रशासन के अधिकारी और नगर निगम के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। नगर पालिका निगम के आयुक्तों और राजमार्गों और सड़कों के निकटवर्ती गांवों की ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया गया है कि वे सड़कों और राजमार्गों पर आवारा पशुओं के आने के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, जो सड़क पर चलते वाहनों के कारण मौत का सामना भी करते हैं और सड़क पर बैठे पशुओं के कारण दुर्घटनाएं भी होती हैं और मानव जीवन को भी नुकसान होता है, ऐसा न करने पर उन हितधारकों की जवाबदेही तय की जाएगी जिनके क्षेत्र में ऐसी दुर्घटना/घटना होती है और कानूनी परिणाम भी भुगतने होंगे उपरोक्त के मद्देनजर मामले को 5 अगस्त, 2024 को फिर से सूचीबद्ध किया जाए।



## 8 लाख रूपये कीमत के 3280 नग नशीली इंजेक्शन को पुलिस ने किया जप्त

**सूरजपुर।** डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में दिनांक 11.07.2024 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुमेरपुर तालाब के पास संदिग्ध रूप से 2 प्लास्टिक बोरी पड़ा है जहां गांव के लोग काफी भीड़ लगाए है। थाना रामानुजनगर पुलिस ने सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना होकर मौके पर पहुंची जहां गवाहों के समक्ष विधिवत् संदिग्ध वस्तु 2 प्लास्टिक बोरी की तलाशी ली गई जिसमें प्रतिबंधित दवाई एविल इंजेक्शन 1480 नग व ब्यूप्रेनॉरफिन इंजेक्शन 1800 नग कुल 3280 नग नशीली इंजेक्शन पाया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 8 लाख रूपये है। प्रतिबंधित दवाई के स्वामी का पता न चलने पर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर अपराध क्रमांक 121/24 धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, आरक्षक दीपक यादव, अमलेश्वर सिंह, देवान सिंह व सैनिक पंकज पटेल सक्रिय रहे।

## दिव्यांग युवक को सीईओ ने ट्राईसाइकिल प्रदान की

**रामानुजगंज।** जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के अंतर्गत ग्राम आरागाही के दिव्यांग युवक को स्कूल आने-जाने एवं अन्य कामों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था जिसके बाद उसने जनपद पंचायत रामचंद्रपुर में ट्राई साइकिल हेतु आवेदन किया था।जनपद सीईओ एवं शाखा प्रभारी की तत्परता से युवक को ट्राई साइकिल मिल सका जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बी.डी. लाल गुप्ता के उपस्थिति में युवक को ट्राई साइकिल दिया गया।

# हर साल एक पेड़ लगाने का संकल्प लें: कलेक्टर

### कोरिया वन मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृहद पौधा रोपण का सफल आयोजन



**कोरिया।** सोनहत विकासखण्ड के ग्राम आनंदपुर में वन मंडल कोरिया द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधे का बड़ा महत्व बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पौधरोपण के अवसर पर विचार साझा करते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधे का बड़ा महत्व है. उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुरूप हम सब जिले में माँ के नाम एक पौधा लगा रहे हैं, सभी विभागों को समन्वित रणनीति के तहत पौधा लगाने के निर्देश दिए गए हैं. श्री लंगेह ने बताया कि जिले के विभिन्न नर्सरी केंद्रों में निशुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है. हम सबको पौधे के संरक्षण करने की आवश्यकता है। हम सबको अपनी धरती के हर साल एक पौधा लगाने, बचाने का संकल्प भी लेना होगा. श्री लंगेह ने इस अवसर पर एक नीम का पौधा रोपण भी किए। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार इस कार्यक्रम में मौजूद थे. उन्होंने सभी ग्रामीणों व जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है, हर व्यक्ति पौधा जरूर लगाएं, उसकी देखभाल भी अच्छी तरह से करें। नीम का पौधरोपण करते समय श्री परिहार ने कहा मौसम खुशनुमा भी है. जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि हरियाली, धरती माँ की श्रृंगार है. इस श्रृंगार को बचाने की सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने माँ के नाम एक नीम का पौधरोपण किया, इसी बीच बारिश होने लगी, तब डॉ. चतुर्वेदी ने मुस्कराते हुए कहा आकाश से भी पौधा लगाने के लिए भरपूर आशीर्वाद मिलने जा रहा है. गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक सौरभ सिंह ठाकुर ने पौधरोपण के बारे में जानकारी दी. उन्होंने हर व्यक्ति को पौधा रोपण के लिए प्रोत्साहित किए। वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो ने कहा पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने बताया 947 हेक्टेयर में 1.75 लाख से अधिक पौधरोपण करने की जानकारी दी। 850 किसानों को नीलगिरी, सागौन, बांस, मिलिया डूबिया जैसे पौधे वितरण किये गए हैं।श्रीमती खलखो ने कहा कि किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 4 लाख पौधरोपण खाली भूखंड पर पौधरोपण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम, अमरूद, जामुन, नींबू, गुलमोहर, नीम, बीजा, सागौन, लाल चंदन, दही मन सहित कई औषधीय पौधे का निःशुल्क वितरण के लिए नर्सरी में उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सोनहत के सभापति कृष्ण कुमार राजवाड़े, एसडीओ अखिलेश मिश्र, रेंजर, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आई.टी. आई व स्कूल के छात्र- छात्राओं व ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेते पौधा रोपण में सहभागिता निभाई।




### दंड संहिता से आगे बढ़कर न्याय संहिता की ओर नया कानून

# पत्रकारों के लिए नए आपराधिक कानून पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** बदलाव भारतीय समाज की आवश्यकता और भावनाओं के अनुरूप है। कानून में संशोधन मुख्य रूप से अपराधी को दंड और पीड़ित को न्याय दिलाने किया जा रहा है।

1 जुलाई से पूरे देश में कानूनों में बदलाव किए गए हैं। यह दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर एक कदम है। आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों को नए आपराधिक कानून के सम्बंध में जानकारी दी। कलेक्टर श्री लंगेह ने जानकारी देते हुए कहा कि तीन ऐतिहासिक कानूनो- भारतीय दंड संहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से प्रतिस्थापित करके आपराधिक न्याय प्रणाली में एक परिवर्तनकारी कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य। ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है जिससे सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता है और जिसके माध्यम से नए कानून के बारे में ज्यादा और प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य भारतीय कानूनी प्रणाली में सुधार करना और भारतीय सोच पर आधारित न्याय प्रणाली स्थापित करना है। नए आपराधिक कानून''लोगों को औपनिवेशिक मानसिकता और उसके प्रतीकों से मुक्त करेंगे'' और हमारे मन को भी उपनिवेशवाद से मुक्त करेंगे। यह ''दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केन्द्रित'' है। ''सबके साथ समान व्यवहार'' मुख्य विषय है। यह कानून भारतीय न्याय संहिता की वास्तविक भावना को प्रकट करते हैं। इन्हें भारतीय संविधान की मूल भावना के साथ बनाया गया है। यह कानून व्यक्तिगत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं। यह मानव अधिकारों के मूल्यों के अनुरुप है। यह पीड़ित-केन्द्रित न्याय सुनिश्चित करेंगे।

इन कानूनों की आत्मा न्याय, समानता और निष्पक्षता है। उन्होंने कहा कि नई कानून की मंशा बेहद उत्कृष्ट है। जिला अभियोजन अधिकारी हरेंद्र पांडेय ने नए कानून के बारे में मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नए कानून से लोगों को इसका लाभ मिलेगा और निश्चित समय अवधि में लोगों को न्याय मिल पाएगा। यह कानून त्वरित न्याय की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कानूनों को लागू करने में पुलिस के सामने चुनौतियां जरूर रहेंगी, लेकिन पुलिस विभाग पिछले लंबे समय से इसके लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। नए टेक्नोलॉजी के साथ और मीडिया के माध्यम से पीड़ित को त्वरित न्याय मिले इसके लिए काम करेगी। उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर ने मीडिया प्रतिनिधियों को अपराधी को दण्ड एवं पीड़ित को न्याय के विशेष प्रावधानों के बारे में बताया। नए कानून के व्यापक प्रचार प्रसार हो इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरूण मरकाम, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर, श्याम मधुकर तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का सफल आयोजन



**बैकुंठपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख में 11 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सभी ने अपने रोपित वृक्षों के रखरखाव का संकल्प लिया कार्यक्रम का प्रारम्भ माता सरस्वती के पूजन से हुआ उसके पश्चात स्वयंसेवक रोशनी एवं साथियों द्वारा सुन्दर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के साथ आये एम आई सी प्रशासक विनय मोहन भट्ट ने अपने उद्बोधन में बच्चों को को बताया कि जिस प्रकार हमें ऊंचे शिखर पर चढ़ने के लिए नीचे से गति बनाकर रखनी पड़ती है ठीक उसी प्रकार किसी परीक्षा की तैयारी भी हमें प्रारम्भ में ही करना चाहिए जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बताया कि जिस प्रकार पका हुआ घड़ा पानी में नहीं गलता ठीक उसी प्रकार तपस्या से परिष्कृत मनुष्य भी कठिन परिस्थितियों में डगमगाता नहीं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। जिला शिक्षा अधिकारी के कर कमलों से कक्षा नौवीं की नवप्रवेशित छात्राओं को सायंकाल का वितरण किया गया तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी एवं संस्था के शिक्षकों ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हरिकान्त अग्निहोत्री द्वारा किया गया और कार्यक्रम के अंत आभार प्रदर्शन संस्था की प्राचार्या श्रीमती नीलिमा टोप्पो ने किया आज के कार्यक्रम में शाला प्रबंध एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के शिक्षक श्वेता यादव अलमा पन्ना केशव प्रसाद साहू शिवनाथ सिंह मोहनलाल गोयन काशीप्रसाद मार्को महेश्वरी तथा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्पदंश की सर्वाधिक 141 घटनाएं हुई

**बलरामपुर।** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल अब तक जिले मे सर्पदंश की 141 घटना जिले में हो चुकी है वही सर्पदंश से मृत्यु पांच लोगों की हो चुकी है। मानसून में सर्वप्रथम की घटना में वृद्धि हो जाती है वहीं आने वाले समय में बरसात के साथ सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि होगी। जिले में सबसे अधिक सर्पदंश की घटनाएं बलरामपुर विकासखंड एवं सबसे कम शंकरगढ़ विकासखंड में हुई है। प्रत्येक वर्ष मानसून के समय में सर्पदंश की घटनाओं में एकाएक वृद्धि हो जाती है वहीं सर्पदंश से कई लोगों की मृत्यु झाड फूक्क के चक्कर में पड़ने के कारण हो जाती है सांप काटने के बाद अस्पताल जाने में लोग जागरूकता के अभाव में देरी कर देते हैं एवं झाड़ फूंक्क के चक्कर में घंटे गुजार देते हैं।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम लगाया

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष में कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भाजपा कार्यालय परिसर में चलाया गया। श्री जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार लगातार वातावरण प्रदूषण फैल रहा है।

# समाज के सभी वर्गों तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने में करें सहयोग-डीआईजी






**सूरजपुर।** 1 जुलाई 2024 से देशभर में 3 नए आपराधिक कानून अमल में आ चुके है। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न पहलुओं से मीडिया को अवगत कराने एवं जन-जन तक नए कानूनों की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्टर सूरजपुर श्री रोहित ब्यास (भा.प्र.से.) व उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के द्वारा गुरूवार, 11 जुलाई 2024 को पत्रकारों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस विषय पर चर्चा भी की गई।

इस दौरान कलेक्टर श्री रोहित ब्यास ने कहा कि 1 जुलाई से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है, पुराने कानून की जगह अब नए कानून लागू हो चुका है उसकी जानकारी समस्त लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है इसमें प्रमुख रूप से मीडिया की अहम भूमिका जुड़ी हुई है, आज अधिक संख्या में लोग सोशल मीडिया, समाचार पत्रों को पढ़कर जागरूक हो रहे है इसकी गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को इस दिशा में सहयोग करने की अपील की। उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। मसलन- पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है, पहले ये अवधि 15 दिन थी। पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। बीएनएसएस के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी।' यानी पुलिस अधिकारी को 14 दिन का समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं। प्रत्येक दिवस पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी सभी थाना-चौकी व पुलिस कंट्रोल रूम के नोटिस बोर्ड में चश्पा किए जाने के बारे में बताया। उन्होंने नवीन तीनों कानून के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत जांच के दौरान पुलिस किसी भी आरोपी को उसके डिजिटल डिवाइस दिखाने और उन्हें सौंपने के लिए बाध्य कर सकती है। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल डिवाइस यानी मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि को सबूत के तौर पर परिभाषित किया गया है। बीएनएसएस के सेक्शन 94 के मुताबिक, किसी मामले की जांच, पूछताछ या ट्रायल के दौरान अदालत या थाना प्रभारी किसी व्यक्ति से डॉक्यूमेंट्स, कम्युनिकेशन डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या डिजिटल डिवाइस पेश करने के लिए समन या आदेश जारी कर सकता है। एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर ने नए कानून के तहत जांच करने की शक्ति के बारे में बताया और कहा कि पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। साथ ही न्यायालय पुलिस को मामले की जांच करने के लिए आदेशित कर सकती हैं। बीएनएसएस में इसका जिक्र चैप्टर 13 के सेक्शन 173 से लेकर 196 तक है। बीएनएसएस के सेक्शन 43(3) के तहत पुलिस अधिकारी अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय या ऐसे व्यक्ति को अदालत में पेश करते समय हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकता है। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के पत्रकारगण मौजूद रहे।

# पदोन्नति प्राप्त कर चुके सीएससी की होगी छुट्टी

## क्षमतावान शिक्षकों को दी जाएगी जिम्मेदारी

**कोरबा।** जिले में शिक्षा विभाग गड़बड़ चल रही व्यवस्था को ठीक करने के लिए गंभीर होता दिख रहा है। संकुल प्रभारी के मामले में जो व्यवस्था निश्चित है, उसके हिसाब से कामकाज देने को लेकर जरूरत महसूस की जा रही है। कोरबा जिले में कई स्थान पर नियम विरोध तरीके से प्रधान पाठक इस जिम्मेदारी को भी निभा रहे हैं। इससे दूसरे शिक्षकों को यह दायित्व नहीं मिल पा रहा है। इससे पहले की मामले को लेकर ज्यादा किरकिरी हो विभाग ने प्रस्ताव मंगाने में रुचि दिखाइ है।

संकुल से जुड़ी हुई व्यवस्था में आठ विद्यालयों को जोड़ा गया है। वहां की निगरानी से लेकर अन्य स्तर पर होने वाली व्यवस्था को देखना और इसकी रिपोर्टिंग करना संबंधित केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी है। शिक्षा विभाग के द्वारा जो नियम बनाया गया है उसके अंतर्गत संबंधित संकुल के शिक्षक को ही यह काम दिया जा सकता है, दूसरे को नहीं। प्रदेश भर में इसी व्यवस्था पर काम होना है इसके लिए उच्च स्तर से निर्देश जारी किए गए हैं और इसका हर हाल में परिपालन करने को कहा गया है। खबर के अनुसार कोरबा जिले के पांच विकासखंडों में कई संकुल की व्यवस्था मनमाने तरीके से चल रही है। कोरबा जिले में अपने सेवाकाल के दौरान अलग-अलग कामकाज को लेकर विवादों में घिरे रहे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गोवर्धन भारद्वाज ने अपने तरीके से चहेतों को संकुल की अतिरिक्त व्यवस्था देकर उन्हें उपकृत करने और अपने लिए अच्छी संभावनाएं विकसित करने का काम किया। कोरबा जिले से भारद्वाज का स्थानांतरण भले ही हो गया लेकिन उनके समय में की गई मनमानी व्यवस्था अभी भी पटरी पर बनी हुई है और उस समय विशेष जिम्मेदारी प्राप्त करने वाला वर्ग एक प्रकार से लाभान्वित हो रहा है। कोरबा जिले में इस प्रकार के कई मामले हैं जिसकी जानकारी अधिकारियों को अलग-अलग स्तर से होती रही है लेकिन अब तक कुछ हो नहीं सका है। सबसे चर्चित मामला विकासखंड कोरबा में विनोद खांडे से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। जानकारी में बताया गया कि रजगामार क्षेत्र के एक विद्यालय में पदस्थ रहे इस शिक्षक को विभाग ने प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के तौर पर पदोन्नति कर दिया और बालको नगर के परसाभाटा क्षेत्र के विद्यालय में पदस्थापना कर दी। यह सब अधिकारियों की जानकारी में है इसके बावजूद यह शिक्षक पुराने संकुल और एक अन्य नजदीकी संकुल का प्रभार अभी भी देख रहा है। जबकि इन संकुलों में अनेक शिक्षक उपलब्ध है जो उपरोक्त जिम्मेदारी का निर्वहन करने के मामले में जरूरी क्षमता रखते हैं। बार-बार सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है जिसके कारण दूसरे संकुल के प्रधान पाठक को अन्य इलाके में गैर जरूरी कारण से बैठाकर रखा गया है, वह भी लंबे समय से। कोरबा विकासखंड के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी इसी ढर्रे पर काम होने की खबरे हैं। इस तरह की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए कब तक मानसिकता बनाई जाएगी, इसका इंतजार है।

## स्वीकृति लेकर करेंगे नियुक्ति

पिछले वर्ष जिन शिक्षकों का प्रधान पाठक के पद पर प्रमोशन हुआ था और उन्होंने नई पदस्थापना पर जॉइनिंग की, ऐसे सभी मामलों के बारे में प्राचार्य से जानकारी मंगाई गई है। डीएमसी को संबंधित प्रस्ताव भेज दिया गया है। आगामी दिनों में कलेक्टर से अप्रूवल लेकर नए संकुल प्रभारी की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

*तामेश्वर उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी*

## दो चोर पकड़ाए

**कोरबा।** मानिकपुर पुलिस ने चोरी की एक घटना के सिलसिले में दो आरोपियों को दबोच लिया है। वैवाहिक कार्यक्रम स्थल से उन्होंने दो दिन पहले रात्रि को नगदी और आभूषण की चोरी की थी। मामले में पुलिस ने गुप्तचरों के सहयोग से आरोपियों को दबोच लिया। बताया गया कि मौके पर एक चप्पल के आधार आरोपियों तक पुलिस पहुंची।

आवश्यकता है
गैस एजेंसी में करने हेतु लेबर एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें :-
श्री बालाजी गैसस
इ. एरिया, कोरबा
मो.-9907904651

# महंगी पड़ी रेसिंग, 3 लोग जख्मी

कोरबा। सरस्वती हायर सेकंडरी विद्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर आज हुई दुर्घटना में एक दंपत्ति सहित तीन लोग जख्मी हो गए। बाइक पर रेस के दौरान स्पीड ब्रेकर पर यह घटना हुई। घटना में घायल तीनों व्यक्तियों को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में मनोज केवट, उसकी पत्नी राम कुमारी केवट निवासी मोतीसागरपारा और बाइक चालक सुरेश यादव घायल हुआ। जानकारी मिली है कि सुरेश यादव स्पोर्ट्स बाइक पर रेसिंग कर रहा था। सरस्वती विद्यालय के सामने रंबल ब्रेकर्स पर बाइक जमकर उछली और बगल में दूसरी बाइक पर जा गिरी। जिससे उस पर सवार दंपत्ति घायल हो गई। बताया गया कि दवा खरीदने के लिए पति-पत्नी इस इलाके में आए हुए थे। डायल 112 को जानकारी देने के बाद पीड़ितों को अस्पताल अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की गई। सिविल लाइन पुलिस ने स्पोर्ट्स बाइक चालक पर मामला दर्ज किया है।

























स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com